**रोहतक**

**शनिवार, 27 अप्रैल 2024**

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 28, अंक : 90
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 41.7
न्यून. 20.9

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 तीरंदाजी विश्व कप: दीपिका सेमीफाइनल में तीरंदाजों के 4 पदक पक्के







# ALLEN

+91-9513736499
www.allen.in

JEE (MAIN + ADV.) | JEE (MAIN) | NEET (UG)
OLYMPIADS | CLASS 6-10

## BATCHES STARTING FROM MAY 2024 ONWARDS

Register Now

**A glimpse of our Classroom Program performance over the last 10 years**

| Rank #1 in JEE, AIPMT, NEET-UG and AIIMS | MEDICAL Selections Eligible for Counselling | IIT-JEE Advanced Selections | Medals won by ALLEN Students in International Olympiad (IJSO) |
|---|---|---|---|
| 16 Times | 4,33,000 | 30,000 | 37 out of 48 |

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing.


रोहतक
शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 28, अंक : 90
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 41.7
न्यून. 20.9

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


05 ओलंपिक चयन ट्रायल में जीतीं सिफ्ट ऐश्वर्य 463.6 अंक से बने विजेता




## सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम-वीवीपैट के 100% मिलान की मांग खारिज

# अटकलों के आधार पर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल ठीक नहीं

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, उच्चतम न्यायालय ने 'ईवीएम' के जरिये डाले गए वोट का 'वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी और कहा कि तंत्र के किसी भी पहलू पर 'आंख मूंद कर अविश्वास करना'अवांछित संशय पैदा कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि केवल अटकलों के आधार पर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना ठीक नहीं। इससे गलत मैसेज जाएगा। हम इसकी अनुमति नहीं दे सकते। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाए और इस मामले से जुड़ी वे सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया को फिर से उपयोग में लाने संबंधी याचिका भी शामिल थी, लेकिन शीर्ष कोर्ट ने एक बड़ा फैसला भी दिया। कोर्ट ने ईवीएम के इस्तेमाल के 42 साल के इतिहास में पहली बार जांच का रास्ता खोल दिया। कोर्ट ने कहा प्रत्याशी की शिकायत पर ईवीएम की जांच करवाई जाएगी। दोनों जजों ने एकमत से यह फैसला सुनाया। बता दें कि देश में 1982 में पहली बार केरल में ईवीएम से आम चुनाव हुए थे।

## प्रत्याशी की शिकायत पर ईवीएम की जांच होगी

### देश में बैलट पेपर से नहीं ईवीएम से ही होंगे चुनाव

**तंत्र के किसी भी पहलू पर आंख मूंदकर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा करेगा जो नुकसानदायक**

**जस्टिस दत्ता बोले, भारत की प्रगति को कमजोर करने के प्रयासों को शुरू में ही रोकना होगा**



### मतदान के प्रोसेस में बदलाव नहीं

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मतदाता की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा।

### समय के साथ ईवीएम खरी उतरी

न्यायमूर्ति दत्ता ने एक अलग फैसले में अपने विचार लिखे और कहा कि समय के साथ ईवीएम खरी उतरी हैं और मतदान प्रतिशत में वृद्धि इस बात को मानने का पर्याप्त कारण है कि मतदाताओं ने मौजूदा प्रणाली में विश्वास व्यक्त किया है। वहीं, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने ईवीएम की विश्ववसनीयता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को कम से कम 40 बार खारिज किया है। ईवीएम 'शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं' और राजनीतिक दल जानते हैं कि ये मशीनें निष्पक्ष हैं।

### विपक्ष देश से माफी मांगे : मोदी

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के



अररिया में चुनावी सभा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला विपक्ष के मुंह पर करारा तमाचा है। विपक्ष को देश से माफी मांगनी चाहिए। इन्होंने बैलेट पेपर लूटकर राज किया। ये ईवीएम हटाना चाहते हैं, इनके सपने चूर-चूर हो गए।

### यह होगा फैसले का असर

- न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने कहा कि ईवीएम की प्रभावशीलता के बारे में याचिकाकर्ताओं की सिर्फ आशंकाओं और अटकलों के आधार पर आम चुनावों की पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाने और उसे प्रभावित करने की अनुमति नहीं दे सकती।
- फैसले के बाद राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के लिए रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे।
- दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी उम्मीदवार को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है।
- ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे।
- किसी भी लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रवार की कुल ईवीएम में से 5% मशीनों की जांच हो सकेगी। इन्हें शिकायत करने वाला प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि चुनेगा।
- जांच का खर्च कैंडिडेट को उठाना होगा। जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो कैंडिडेट को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा।
- सिंबल लोडिंग प्रक्रिया के बाद इस यूनिट को सील कर 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए।
- पीठ ने सुझाव दिया कि निर्वाचन आयोग इसकी पड़ताल कर सकता है कि क्या वीवीपैट पर्चियों की गिनती के लिए इलेक्ट्रॉनिक मशीनों का इस्तेमाल किया जा सकता है और क्या पार्टियों के लिए उनके चिह्न के साथ 'बार कोड' का उपयोग किया जा सकता है।



# 13 राज्यों की 88 सीटों पर 65% वोटिंग कर्नाटक और महाराष्ट्र में ईवीएम तोड़ी

### केरल व पश्चिम बंगाल में भी ईवीएम में गड़बड़ी और फर्जी मतदान की शिकायतें

### छह केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम, राहुल थरूर व हेमा का भाग्य ईवीएम में कैद

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर शुक्रवार को शाम तक 65 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। इस चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल और फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभणी में कुछ गांवों के मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा। कई राज्यों में भीषण गर्मी के बीच मतदान हुआ। त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 77.93% वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 53% के मतदान हुआ। 2019 के आम चुनावों में इन सीटों पर 70.05% मतदान हुआ था। (पैकेज पेज-7 पर)

### इन राज्यों में मतदान

| राज्य | सीट | मतदान % |
|---|---|---|
| केरल | 20 | 67.52 |
| कर्नाटक | 14 | 68.38 |
| राजस्थान | 13 | 64.07 |
| महाराष्ट्र | 08 | 59.63 |
| उत्तर प्रदेश | 08 | 54.58 |
| मध्य प्रदेश | 07 | 58.26 |
| असम | 05 | 77.03 |
| बिहार | 05 | 57.44 |
| छत्तीसगढ़ | 03 | 74.28 |
| पश्चिम बंगाल | 03 | 71.84 |
| मणिपुर | 01 | 78.78 |
| त्रिपुरा | 01 | 79.66 |
| जम्मू-कश्मीर | 01 | 72.32 |

### दूसरा चरण बहुत अच्छा रहा : मोदी

पीएम नरेन्द्र मोदी ने मतदान समाप्त होने के बाद 'एक्स' पर लिखा, 'दूसरा चरण बहुत अच्छा रहा। आज देशभर में मतदान करने वालों का आभार। राजग को मिला बेजोड़ समर्थन विपक्ष को और अधिक निराश करने जा रहा है।' 'मतदाता राजग का सुशासन चाहते हैं।'

### कई जगह गड़बड़ी की खबरें

- केरल में शाम तक 67.52% मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य में कुछ बूथों पर ईवीएम में गड़बड़ी की खबरें आईं। मतदान के दौरान 3 बुजुर्ग मतदाताओं व एक मतदान एजेंट की मृत्यु की खबर है।
- त्रिपुरा पूर्वी लोकसभा सीट पर 79.66% मतदान हुआ। कुछ बूथ से शिकायतें मिलीं लेकिन उन पर तत्काल कार्रवाई की गई।
- छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में चुनाव ड्यूटी पर तैनात मध्य प्रदेश विशेष सशस्त्र बल के एक जवान ने अपनी 'सर्विस राइफल' से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। नक्सल प्रभावित तीन लोकसभा क्षेत्रों में तक 74.28 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।
- मध्य प्रदेश में छह लोकसभा सीटों पर मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।
- असम में पांच संसदीय क्षेत्रों में करीब 77.03 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।
- कड़ी सुरक्षा के बीच मणिपुर में मतदान समाप्त होने तक 78.78 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।
- सोशल मीडिया मंच पर कथित रूप से एक वीडियो पोस्ट करने एवं धर्म के आधार पर वोट मांगने को लेकर भाजपा सांसद तथा बेंगलुरु दक्षिण से पार्टी प्रत्याशी तेजस्वी सूर्या के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।


## खबर संक्षेप

### करनाल विस उप चुनाव रोकने की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**चंडीगढ़।** करनाल विधानसभा उप चुनाव रद करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस पामी दिंघतन्नम श्री नरसिम्हा की पीठ ने खारिज करते हुए उप चुनाव जारी रखने के आदेश दिए। गौरतलब है कि करनाल निवासी कुनाल चानना ने पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट में याचिका दायर कर उप चुनाव को चुनौती देते हुए कहा था कि यह उपचुनाव असंवैधानिक हैं। हाइकोर्ट की डबल बेंच ने 3 अप्रैल याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। ब्यूरो

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत आठ तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक



हिरासत 8 मई तक बढ़ गई है। मनीष शराब नीति घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। सीबीआई ने पिछले साल 23 फरवरी को उन्हें गिरफ्तार किया था। ईडी ने सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। एजेंसी

### केजरीवाल को सिर्फ सत्ता की चाह : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एमसीडी स्कूलों में 2 लाख से ज्यादा बच्चों को किताबें व यूनिफार्म मिलने में देरी पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल शराब नीति केस में गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा न देकर व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रख रहे हैं। केजरीवाल को सिर्फ सत्ता की चाह है और वे सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। एजेंसी

## गुरुग्राम में 7 महीने की बच्ची की हत्या

*पत्नी ने देवर संग घर बसा जन्म दिया, जेल से बाहर आए पति ने पटककर मारा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में 7 माह की बच्ची की हत्या का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बच्ची की हत्या डीएलएफ फेज 3 थाना क्षेत्र में हुई है। गुरुवार रात को विजय साहनी नाम के शख्स का पत्नी के साथ झगड़ा हो गया और उसने गुस्से में बेटी को जमीन पर पटक दिया। इससे बच्ची की मौत हो गई। हत्यारोपित को पुलिस ने काबू कर लिया है। वह दो दिन पहले से जेल से छूट कर आया था।

### यह दी शिकायत

बच्ची की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति विजय साहनी चेन स्नेचिंग के केस में चार साल से भौंडसी जेल में बंद था। इसके बाद उसने अपने देवर के साथ घर बसा लिया और सात माह पहले बच्ची को जन्म दिया। उसका पति विजय 24 अप्रैल को जेल से बाहर आया था। आते ही उसने झगड़ा कर दिया। गुस्से में उसने बच्ची को जमीन पर पटक दिया। इससे उसकी मौत हो गई। थाना डीएलएफ फेज-3, गुरुग्राम में धारा 302 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।

## पहलवानों के यौन उत्पीड़न केस में बृजभूषण की याचिका खारिज

**नई दिल्ली(भाषा)।** दिल्ली की अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले की आगे की जांच के अनुरोध संबंधी भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। छह महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने याचिका को खारिज करते हुए मामले में सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में आदेश के लिए सात मई की तिथि तय की है। सिंह ने मामले में आगे की जांच के अनुरोध को लेकर आवेदन दायर किया था।


डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष पर 7 को तय होंगे आरोप

## 'नोटा को ज्यादा वोट मिलें तो चुनाव रद करवाए जाएं'

**नई दिल्ली(भाषा)।** आम चुनाव के बीच उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका पर निर्वाचन आयोग से जवाब देने को कहा जिसमें 'नोटा' (इनमें से कोई नहीं) के विकल्प को अन्य उम्मीदवारों से अधिक वोट मिलने पर चुनाव रद करने और नए सिरे से मतदान कराने के लिए नियम बनाने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत ने लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता शिव खेड़ा की एक जनहित याचिका पर निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत के 2013 के एक फैसले के अनुरूप मतदाताओं को चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को नहीं चुनने का अपना रुख जताने के लिए 'नोटा' का विकल्प दिया जाता है।


सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर, चुनाव आयोग को नोटिस

## सीबीएसई अगले साल से दो बार बोर्ड परीक्षा की तैयारी करें

**नई दिल्ली (भाषा)।** शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सूत्रों ने कहा, सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा।


शिक्षा मंत्रालय ने भेजा सुझाव अगले माह बैठक

# पूर्व मंत्री बबली द्वारा जारी स्वैच्छिक ग्रांट की शुरू हुई विजिलेंस जांच

**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** टोहाना से जजपा विधायक एवं पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली द्वारा मंत्री पद पर रहते स्वैच्छिक कोटे से जारी की गई ग्रांट की विजिलेंस जांच शुरू हो गई है। इस संबंध में पंचायत विभाग ने विजिलेंस विभाग के पत्र का हवाला देते हुए फतेहाबाद डीसी राहुल नरवाल को जल्द रिपोर्ट देने को कहा है। डीसी बताएंगे कि ग्रांट देने में गड़बड़ी हुई है या नहीं। इसी बीच, बबली ने एक्स पर एक पोस्ट कर जजपा छोड़ने के संकेत दिए हैं। पूर्व मंत्री ने लिखा है- 'जो तुझ से लिपटी बेड़ियां, समझ न इनको वस्त्र तू, ये बेड़ियां पिघला के बना ले इनको शस्त्र तू, तू खुद की खोज में निकल, तू किस लिए हताश है, तू चल तेरे वजूद की, समय को भी तलाश है।'


दवेंद्र ने जजपा छोड़ भाजपा में जाने के दिए संकेत

### लगे थे गड़बड़ी के आरोप

मंत्री रहते हुए देवेंद्र का उनके ही हलके टोहाना से सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर गिल द्वारा खुलकर विरोध किया जा रहा था। गिल ने ई-टेंडरिंग और राईट-टू-रिकॉल को लेकर प्रदेशभर में आंदोलन चलाया था। उन्होंने बबली पर स्वैच्छिक कोष की ग्रांट में गड़बड़ी कर चहेतों को लाभ देने के आरोप लगाए थे और कहा था कि मंत्री ने अपने स्टाफ के उन लोगों व जानकारों के खाते में ग्रांट जारी की, जो साधन सम्पन्न हैं। इसी आधार पर सरकार ने विजिलेंस जांच शुरू करवा दी।

### कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करूंगा

**बबली बोले**
अगले सप्ताह टोहाना के हित में लूंगा फैसला

अगले सप्ताह वर्कर मीटिंग बुलाकर रायशुमारी करूंगा, देश व टोहाना हित के लिए जो सही होगा, वहीं फैसला लूंगा। मैंने अपने विवेक से सही एवं जरूरतमंदों को ही स्वैच्छिक ग्रांट जारी की है। - देवेंद्र बबली, विधायक टोहाना एवं पूर्व मंत्री।

## संदेशखालि में सीबीआई ने जब्त किए हथियार और गोला-बारूद

**नई दिल्ली/कोलकाता (भाषा)।** सीबीआई ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में एक घर में छापेमारी के दौरान हथियार व गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों की पांच टीमों ने पश्चिम बंगाल पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) सहित केंद्रीय बलों की मदद से उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि इलाके के सारबेरिया में स्थित घर पर छापा मारा। सीबीआई टीम के साथ एनएसजी कमांडो भी रहे।

**बदलाव** प्रदेश के कई जिलों में मौसम बदला, तेज हवा चली, गर्मी से राहत

# दोपहर तक गर्मी ने छुड़ाए पसीने शाम को बारिश और ओले गिरे

### रेवाड़ी, हिसार, जींद और कुरुक्षेत्र के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि, कई जिलों में छाए रहे बादल

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में शुक्रवार को कई जिलों में अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। दोपहर तक गर्मी ने लोगों को खूब पसीना निकाला। दोपहर बाद अचानक कई जिलों में बारिश और बूंदाबांदी हुई। रेवाड़ी, हिसार, जींद और कुरुक्षेत्र के कुछ इलाकों ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। शुक्रवार को दोपहर में एक बार तो तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि शाम को हल्की बरसात के बाद गर्मी के तेवर कुछ नर्म पड़े और लोगों को कुछ राहत मिली। बरसात के साथ हुई ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी गेहूं व सब्जियों की फसलों में काफी नुकसान होने का अंदेशा है। दूसरी तरफ बारिश से अनाज मंडी में खुले में रखी लाखों क्विंटल गेहूं और सरसों भीग गई। आसमान छाए बादल किसानों के लिए चिंता का सबब बने हुए हैं।


हांसी में गिरे ओले

**आज भी बूंदाबांदी की संभावना:** मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार और रविवार को भी प्रदेश के कई जिलों में बारिश व ओलावृष्टि की संभावना है। ऐसे में किसानों को सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि किसानों का पीला सोना इस समय खेतों में तैयार खड़ा है। आधे से ज्यादा मंडियों में पहुंच चुका है।

### दिन में पारा पहुंचा 41.7 डिग्री, सड़कें हुई विरान

दोपहर तक आसमान साफ होने के कारण तेज धूप ने तपिश बढ़ा दी। अधिकतम तापमान पहली बार 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 41.7 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 0.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर तक भारी गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ाए रखे। सड़कों पर वीरानी सी छाई रही। बाजार से लोगों की भीड़ दोपहर बाद तक गायब रही।



घर वापसी

# 26 साल बाद फिर सैलजा सिरसा से मैदान में, भाजपा से होगी सीधी टक्कर

## सिरसा सैलजा परिवार की पैतृक सीट, पिता चौधरी दलबीर सिंह 1967 1971, 1980 और 1984 में सीट से चार बार सांसद रह चुके

*कुमारी सैलजा 1998 में डॉ. सुशील इंदौरा से मिली हार के बाद अम्बाला शिफ्ट हो गई थी। उनके सिरसा से उम्मीदवार घोषित होते ही उनके हिसार स्थित आवास पर समर्थक पहुंचने शुरू हो गए है।*

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद।

कांग्रेस द्वारा लंबी जद्दोजहद के बाद सिरसा लोकसभा सीट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सिरसा से दो बार सांसद रह चुकी कुमारी सैलजा को प्रत्याशी घोषित करने से कांग्रेस वर्करों में नया उत्साह पाया जा रहा है। कुमारी सैलजा की सिरसा सीट पर 26 साल बाद वापसी हो रही है। 1998 में डॉ. सुशील इंदौरा से मिली हार के बाद वह अम्बाला शिफ्ट हो गई थी। सैलजा के यहां से उम्मीदवार घोषित होते ही उनके हिसार स्थित निवास पर न केवल पुराने वर्करों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है वहीं अनेक लोग वहां पहुंचकर कांग्रेस ज्वाइन कर रहे हैं। दो दिनों से यह सिलसिला चल रहा है। भाजपा ने दल-बदल कर आए अशोक तंवर को प्रत्याशी बनाया तो तब से क्षेत्र के लोग कांग्रेस द्वारा सैलजा को उम्मीदवार बनाए





जाने के क्यास लगा रहे थे। यहां तक कि टिकट घोषणा से पूर्व ही सैलजा की जीत के दावे कर रहे हैं। दरअसल, सैलजा के पिता चौधरी दलबीर सिंह 4 बार व सैलजा स्वयं यहां से 2 बार चुनाव जीतकर केन्द्रीय मंत्री रह चुके हैं। सैलजा के पिता दलबीर सिंह का यहां अच्छा-खासा रसूख है। सैलजा को टिकट मिलने की घोषणा होते ही क्षेत्र के लोग कांग्रेस में शामिल होने की कतार में खड़े हो रहे हैं। आज शनिवार को जजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व टोहाना के पूर्व विधायक स. निशान सिंह सहित कई नेता कांग्रेस में शामिल होकर कांग्रेस के कुनबे को ओर बढ़ा करेंगे। खास बात यह है कि कांग्रेस ने कुमारी सैलजा को दोबारा इस सीट पर टिकट दिया है। इससे पूर्व उनके पिता दलबीर सिंह को दोबारा टिकट दिया गया था। इसके अलावा किसी पार्टी ने अब तक अपने प्रत्याशी को रिपीट नहीं किया है।

### 2019 में पहली बार खिला था 'कमल'

सिरसा लोकसभा सीट पर 2019 में पहली बार कमल खिला था। सुनीता दुग्गल ने सिरसा में भाजपा का सूखा खत्म किया था। मगर उनका टिकट काटकर भाजपा ने डा. अशोक तंवर को टिकट दे दिया। वहीं कांग्रेस से सिरसा सीट पर डा. सुशील इंदौरा बड़े दावेदार थे। उनको हुड्डा का करीबी माना जाता है और उनका क्षेत्र में प्रभाव भी है। ऐसे में कांग्रेस में गुटबाजी सैलजा को सिरसा में परेशान कर सकती है।

**इससे पहले 1996 में लड़ा था चुनाव** : सिरसा लोकसभा सीट सैलजा परिवार की पैतृक सीट मानी जाती है। कुमारी सैलजा के पिता चौधरी दलबीर सिंह दिग्गज राजनीतिक रहे हैं। वे चार बार सिरसा से सांसद रह चुके हैं। 1966 को हरियाणा के गठन के बाद 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में पहली बार वह सिरसा लोकसभा से सांसद बने थे। इसके बाद 1971, 1980 और 1984 में भी सांसद बने। इसके बाद कुमारी सैलजा ने अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभाली और सिरसा से चुनाव मैदान में उतरी। 1991 और 1996 में हुए सिरसा लोकसभा चुनाव जीतकर वह संसद पहुंची। साल 1998 में हुए संसदीय चुनाव में डा. सुशील इंदौरा से पराजित होने के बाद सैलजा ने सिरसा सीट छोड़कर अंबाला शिफ्ट होने का निर्णय लिया था। इस बार फिर कांग्रेस ने सैलजा को सिरसा सीट से मैदान में उतारा है। सैलजा की 26 साल बाद सिरसा में फिर से वापसी हो होने से उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। 1996 के बाद अब वह 2024 में सांसद का चुनाव सिरसा से लड़ रही हैं।

**भजनलाल परिवार के विरोध के कारण अम्बाला गई थी सैलजा** : 1998 में डॉ. सुशील इंदौरा से पराजित होकर अम्बाला शिफ्ट होने का बड़ा कारण पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल व उनका कुनबा था। दरअसल, भजनलाल व सैलजा के परिवार की आपस में राजनीतिक रिश्ते कभी अच्छे नहीं रहे। जब-जब सैलजा ने यहां से चुनाव लड़ा, भजनलाल परिवार ने उसका विरोध किया। यही कारण था कि सैलजा सिरसा सीट को अलविदा कहकर अम्बाला चली गई थी। अब माहौल उससे जुदा है।

**बलवान के वोट बैंक से सैलजा को फायदा** : फतेहाबाद में पूर्व विधायक बलवान सिंह का अच्छा दबदबा है। फतेहाबाद विधानसभा में बलवान सिंह की हर वर्ग पर पूरी पकड़ है। खासकर जाट व शहरी मतदाता उनके खास माने जा रहे है। ऐसे में सैलजा को अच्छे वोट मिलेंगे, इसमें कोई दोराय नहीं।

## कांग्रेस उम्मीदवार के मैदान में उतरने के बाद रोचक हुआ रण

# 'बाहरी' प्रत्याशियों के सहारे हिसार का किला फतह करने की तैयारी

शमशेर सैनी ▶▶| हिसार

प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक दलों ने हिसार लोकसभा क्षेत्र के चुनावी दंगल में अपने-अपने प्रत्याशियों को दो-दो हाथ करने के लिए उतार दिया। प्रत्याशियों की घोषणा के मामले में सबसे पहले भाजपा ने पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के बेटे रणजीत सिंह चौटाला को तो सबसे आखिर में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश के नाम की घोषणा की। जननायक जनता पार्टी ने बाढ़डा से विधायक नैना चौटाला तथा इनेलो ने सुनैना चौटाला को अपना उम्मीदवार बनाया है।

- सीट पर 17 लाख 63 हजार से अधिक मतदाता में करीब साढ़े छह लाख मतदाता जाट

### बाहरी पर भरोसा

कहने को तो हिसार सीट से जिन्हें प्रत्याशी बनाया गया है, वे अलग-अलग राजनीतिक दलों से है, इसके बावजूद सभी में एक समानता जरूर है और वह यह कि भाजपा, कांग्रेस, जेजेपी तथा इनेलो द्वारा उतारे गए प्रत्याशी हिसार लोकसभा क्षेत्र के न होकर 'बाहरी' है। हिसार लोकसभा सीट से साढ़े 17 लाख से अधिक मतदाताओं के बीच में किसी को अपना प्रत्याशी बनाने की बजाय प्रमुख सियासी दल ने 'बाहरी' प्रत्याशी पर अपना ज्यादा भरोसा जताया। भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह, जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला तथा इनेलो प्रत्याशी सुनैना चौटाला का संबंध सिरसा जिले से है। कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश कैथल जिले के गांव दुब्बल के रहने वाले हैं।



### जाट प्रत्याशियों पर खेला दांव

हिसार लोकसभा सीट जाट बाहुल्य क्षेत्र है। हिसार लोकसभा में 17 लाख 63 हजार से अधिक मतदाता में करीब साढ़े छह लाख मतदाता जाट है। जाट मतदाताओं की भारी तादाद को देखते प्रमुख राजनीतिक दलों ने जाट समाज से संबंध करने वाले प्रत्याशियों को ही अपना चेहरा बनाया है। हिसार लोकसभा सीट की सियासी पिच पर राजनीतिक दलों ने जिन जाट चेहरों को प्रत्याशी बनाया हैं, वे या तो चौधरी देवीलाल के वंश से है या फिर चौधरी देवीलाल की ऊंगली पकड़कर राजनीति सीखी हैं।

### जेपी के नाम की घोषणा के साथ ही बढ़ा सियासी पारा

भाजपा, जेजेपी तथा इनेलो की तरफ से पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा पहले ही की चुकी थी, लेकिन कांग्रेस की तरफ से प्रत्याशी घोषित नहीं किए जाने से हिसार लोकसभा सीट पर सियासी पारा नहीं चढ़ा रहा था। कांग्रेस द्वारा वीरवार की देर रात जारी की गई सूची में हिसार लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश उर्फ जेपी को प्रत्याशी बनाने की घोषणा के साथ ही हिसार का राजनीतिक पारा एकदम से चढ़ गया। शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने जेपी के नाम टिकट की घोषणा पर जश्न मनाया और चुनावी तैयारियां की रूपरेखा बनाने पर काम शुरू कर दिया। शनिवार को जेपी खुद दिल्ली से हिसार लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हुए दोपहर बाद कांग्रेस भवन पहुंचेंगे।

### चुनावी गणित

- कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश सीट से तीन बार सांसद रहे चुके
- भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह के सामने तीन तरफा चुनौती
- जजपा से नैना चौटाला व इनेलो से सुनैना भी मैदान में

### जयप्रकाश आठवीं बार हिसार से रण में

कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश हिसार लोकसभा सीट पर आठवीं बार ताल ठोक रहे हैं। इससे पहले उन्होंने हिसार लोकसभा सीट से 7 बार चुनाव लड़ा है, जिनमें 3 बार वे सांसद निर्वाचित हुए जबकि 4 बार उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। जयप्रकाश वर्ष 1989 में जनता दल की टिकट से पहली बाद सांसद बने थे। उसके बाद 1996 में हविपा तथा 2004 में कांग्रेस से सांसद निर्वाचित हुए। इसके अलावा वर्ष 1991, 1998, 2009 तथा 2011 के उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस हाईकमान ने एक बार फिर जेपी पर भरोसा जताते हुए हिसार लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाकर उन्हें जीत का चौका लगाने का मौका दिया है। यह अभी भविष्य के गर्भ में है कि जेपी जीत का चौका लगाते है या फिर हार का पंजा बनवाते हैं।

### दो दशक से जीत को तरस रही कांग्रेस


हिसार लोकसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी पिछले दो दशक से जीत को तरस रही है। कांग्रेस ने आखिरी बार वर्ष 2004 में हिसार सीट से जीत दर्ज की थी। उस समय जयप्रकाश यहां से सांसद निर्वाचित हुए थे। उसके बाद से हिसार लोकसभा सीट पर जितने बार भी चुनाव हुए उनमें कांग्रेस जीत दर्ज करना तो दूर की बात दूसरे नंबर भी नहीं पहुंच पाई। इतना ही नहीं वर्ष 2011 उपचुनाव, 2014 और 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत तक जब्त हो चुकी है। अब पार्टी ने जयप्रकाश को मैदान में उतारकर चुनावी रण को जीतने का खाका तैयार किया है। जयप्रकाश को टिकट मिलने का एक बड़ा कारण उनका क्षेत्र में जनाधार भी रहा है। अब देखना है कि हिसार की जनता किसने सिर पर जीत का ताज सजाती है।

# गुरुग्राम में एक मंच पर मनोहर-राव अब विरोधी खेमे के पास आने की बारी

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को गुरूग्राम के रामलीला मैदान में भाजपा के दो धुरंधर और धुर विरोधी लंबे समय बाद न सिर्फ एक मंच पर नजर आए, बल्कि मोदी को एक बार फिर से पीएम बनाने के संकल्प में मिलकर सुर मिला गए। लोकसभा चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा पार्टी के नेताओं की गुटबाजी खत्म करने की कवायद को आगे बढ़ाती नजर आ रही है। अगले कुछ दिनों में पार्टी प्रत्याशी राव इंद्रजीत के साथ दूसरे गुट के भाजपा नेता भी एकमंच पर नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद बहुत कम मौकों पर राव इंद्रजीत सिंह और मनोहरलाल एक मंच पर नजर आए। जब भी दोनों ने मंच साझा किया, राव की ओर से पूर्व सीएम पर टिप्पणी भी जरूर की गई। दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक मतभेदों की खाई बनी रही, जिसे अब पाटने की बारी आ चुकी है। पूर्व सीएम मनोहरलाल प्रदेश के लगभग हर हलके में जाकर भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील करने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को गुरूग्राम के रामलीला मैदान में आयोजित विजय संकल्प रैली में पूर्व सीएम मनोहरलाल और पार्टी प्रत्याशी राव इंद्रजीत इंद्रजीत सिंह ने एक-दूसरे के सुर में सुर मिलाते हुए संकेत दिए कि पार्टी के प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटों को जीतने के एजेंडे के सामने आपसी मतभेद किसी भी सूरत में आड़े नहीं आने दिए जाएंगे। नारनौल में हाल ही में आयोजित सीएम नायब सिंह सैनी की विजय संकल्प रैली में महेंद्रगढ़-भिवानी सीट से चौ. धर्मबीर सिंह को जिताने के लिए दक्षिणी हरियाणा के परस्पर विरोधी भाजपा नेता एक साथ मंच साझा कर चुके हैं। पहले एकमंच पर आते ही एक-दूसरे पर कटाक्ष करने में माहिर यह नेता अब पूरी तरह पार्टी प्रत्याशी की जीत पर फोकस करते हुए विवादित टिप्पणियों से बच रहे हैं।

### एकजुटता दिला सकती है बड़ी जीत





वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में भी दक्षिणी हरियाणा के कुछ नेताओं को छोड़कर भाजपा के सभी नेताओं ने खुलकर राव इंद्रजीत सिंह का साथ निभाया था। यही कारण था कि राव कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव को सवा 3 लाख मतों से भी ज्यादा के अंतर से चुनाव हराने में कामयाब रहे थे। भाजपा नेता अगर एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी के लिए कार्य करते हैं, तो एक बार फिर गुरूग्राम सीट पर बड़ी जीत की राह आसान हो सकती है।इस समय पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास, भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव व कुछ अन्य नेताओं की पार्टी प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह से राजनीतिक दूरी बनी हुई है। राव विरोधी खेमे से जुडे नेताओं की चुनाव प्रचार में अभी तक सक्रियता नजर नहीं आई है।

### कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होगा: हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की नौ लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीधा मुकाबला होगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हुड्डा ने कहा कि समाज के सभी वर्ग कांग्रेस का समर्थन कर रहे हैं और हमारे उम्मीदवार अच्छे हैं। हरियाणा में कांग्रेस लोकसभा की दस सीट में से नौ पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आठ सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। पार्टी ने हालांकि अभी गुरुग्राम सीट पर अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच हुए सीट-बंटवारे के तहत हरियाणा में एक सीट पर 'आप' चुनाव लड़ेगी। 'आप' को कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट दी गई है। राज्य में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना जताते हुए हुड्डा ने कहा कि जजपा व इनेलो वोट काटू पार्टी है।

# करनाल से कांग्रेस ने पंजाबी कार्ड 'खेला'

धर्मेंद्र खुराना ▶▶| करनाल

- पार्टी पर पैराशूट उम्मीदवार उतारने का ठप्पा बरकरार
- बुद्धिराजा को टिकट मिलने से स्थानीय नेताओं में मायूसी

करनाल लोकसभा क्षेत्र की हॉट सीट से कांग्रेस ने यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को टक्कर देने के लिए पंजाबी कार्ड खेला है पर गौर करने वाली बात यह है कि कांग्रेस को यहां से कोई स्थानीय उम्मीदवार नहीं मिला आखिरकार करनाल की लोकसभा सीट पर फिर से एक बार पैराशूट प्रत्याशी उतारा गया। यह परंपरा पिछले दशकों से चली आ रही है। बुद्धिराजा राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा व वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के नजदीकी हैं। अभी तक करनाल लोकसभा सीट से पैराशूट प्रत्याशी ही उतरते आए हैं। दिव्यांशु नाम आते ही एक बार स्थानीय नेताओं में सन्नाटा पसर गया। दिल्ली में टिकट के लिए डेरा डाले बैठे विभिन्न नेताओं के चेहरे लटक गए। यह तो तय था कि पार्टी करनाल से पंजाबी कार्ड खेलेगी मगर यह उम्मीद नहीं थी कि दिल्ली में बैठे शख्स को पार्टी करनाल से टिकट थमा देगी। बता दें कि अभी तक करनाल से बाहरी प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में उतरते आए है। करनाल के पहले सांसद माधेराम हो या फिर मौजूदा सांसद अरविंद शर्मा। सभी बाहर से करनाल मैदान में भेजे गए हैं। मौजूदा चुनाव की बात करें तो मूल रूप झज्जर के रहने वाले सोनीपत से उतारे गए। सांसद अरविंद शर्मा तीसरी बार मैदान में थे। वहीं इनेलो के पूर्व मंत्री जसविंद्र सिंह संधू भी पिहोवा से यहां भेजे गए थे।

करनाल की जनता ने किसी भी लोकल चेहरे को करनाल संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं दिया। राष्ट्रीय पार्टियों ने भी करनाल सीट से बाहरी नेताओं को ही टिकट थमाया। किसी ने दो तो किसी ने चार प्लान तक राज किया। ऐसा मौका एक बार आया, जब उपचुनाव हुए और स्थानीय नेता को जीत मिली। मगर वे भी केवल दो साल तक ही सांसद रहे, उसके बाद से फिर बाहरी सांसदों का ही दबदबा रहा। 1967 के चुनावों की बात करे तो यहां से कांग्रेस के माधोराम सांसद निर्वाचित हुए थे। वे मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले थे, मगर वहां से आकर सीधे पानीपत में बसे थे। मगर उनका जन्म करनाल में नहीं हुआ था। । माधोराम 1971 के चुनाव निर्वाचित हुए। 1976 के चुनावों में कांग्रेस ने फिर से बाहरी प्रत्याशी भगवत दयाल शर्मा को सीट से उतारा था।

## शामलात भूमि को कास्त हेतू पट्टे पर देने का कार्यक्रम वर्ष 2024-25 खण्ड राई।

| क्रम स. | ग्राम पंचायत का नाम | कुल रकबा A-K-M | दिनांक | समय | स्थान | अधिकारी का नाम | ग्राम सचिव का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Jakholi | | 1-5-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | ADC | Sh. Sanjay |
| 2. | Akbarpur Barola | 15-02-05 | 2-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Kapil |
| 3. | Safiyabad | 16-05-00 | 2-05-2024 | 02:00 PM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Kuldeep |
| 4. | Aterna | 62-06-00 | 3-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | DDPO | Sh. Sanjay |
| 5. | Bhowapur | 37-01-00 | 6-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Mohit |
| 6. | Garhi Bala | 16-04-13 | 6-05-2024 | 02:00 PM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Sunil |
| 7. | Aurangabad | 34-07-16 | 7-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Kapil |
| 8. | Janti Kalan | 08-06-14 | 7-05-2024 | 02:00 PM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Surender |
| 9. | Bazidpur Saboli | 13-04-02 | 8-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Kapil |
| 10. | Sersa | 07-07-00 | 8-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | SEPO | Sh. Sanjay |
| 11. | Sevli | 59-00-04 | 9-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | DDPO | Sh. Sanjay |
| 12. | Kheri Manajat | 03-0-1 | 10-05-2024 | 11:00 AM | सा. केन्द्र | BD & PO | Sh. Kuleep |
| 13. | Halalpur | 07-02-06 | 13-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Anurag |
| 14. | Nahra | 29-06-03 | 13-05-2024 | 02:00 PM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Anurag |
| 15. | Pabsara | 29-01-00 | 14-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Sanjay |
| 16. | Bhaira Bahadurpur | 03-01-12 | 14-05-2024 | 02:00 PM | सा. चौपाल | SEPO | Sh. Kapil |
| 17. | Chhatera Bahadurpur | 17-04-11 | 15-05-2024 | 11:00 AM | पंचायत सदन | BD & PO | Sh. Anurag |
| 18. | Khurampur | 04-02-16 | 15-05-2024 | 11:00 AM | पंचायत सदन | SEPO | Sh. Manish |
| 19. | Patla | 03-05-19 | 15-05-2024 | 02:00 PM | सा. चौपाल | SEPO | Sh. Manish |
| 20. | Katlupur | 14-02-18 | 16-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Rampal |
| 21. | Jhinjholi | 15-07-09 | 16-05-2024 | 02:00 PM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Rampal |
| 22. | Janti Khurd | 21-01-11 | 17-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Surender |
| 23. | Dahisara | 25-07-01 | 17-05-2024 | 02:00 PM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Surender |
| 24. | Asawarpur | 10-04-18 | 20-05-2024 | 11:00 AM | सा. चौपाल | BD & PO | Sh. Surender |

हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, राई।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

### सुनिश्चित पुरस्कार

251. श्री कमलजीत सुपुत्र श्री दिलबाग, गांव व पो. भूटाना, तह. गोहाना, सोनीपत, 252. किरण शर्मा सुपुत्री नरेश शर्मा, 15/39, 5 बिस्वा, जटवाड़ा मोहल्ला, बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 253. राहुल सुपुत्र कैंवत वार्ड नं. 2 जुलाना, जींद 126101, 254. पायल सुपुत्री उमेश 1833/11 डेयरी मोहल्ला रोहतक 124001, 255. रवि गुप्ता सुपुत्र श्री एली.एस. गुप्ता, 339/5 ग्लैक्सी हाउस, लंबी गली, मैन बाजार, बहादुरगढ़, झज्जर, पिन 124507, 256. राजेश कुमार मलिक सुपुत्र स्व. श्री लाल सिंह गांव व डा. कलावड़, सांपला, रोहतक 124021, 257. रामजीलाल यादव सुपुत्र श्री छाजुराम ग्राम नांगल कालिया पो. सिरोही बहाली, नांगलचौधरी, महेंद्रगढ़ 1213023, 258. संतोश बंसल सुपुत्र आनंद बंसल सिलानी गेट धर्म मार्केट झज्जर 124103, 259. मदनगोपाल सचदेवा सुपुत्र मुलखराज सचदेवा म.न. 30916 प्रताप मोहल्ला, रोहतक 124001, 260. निधी पत्नी रविदत्त म.नं. 2001, सेक्टर-6, बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 261. श्री तेजवीर राठी सुपुत्र श्री जागेराम गांव व डा. सांखोल, गढ़, झज्जर पिन 124507, 262. हर्षबाला सुपुत्री काशीराम म.नं. 773 वार्ड नं. 18 प्रताप मोहल्ला सिविल रोड के पास, रोहतक 124001, 263. राजेश पुत्र श्री रामफल, कबीर बस्ती, वार्ड नं. 31 बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 264. कृष्ण लाल सिक्का सुपुत्र रामजी दास सिक्का म.न. 450 सै.-2पी रोहतक 124001, 265. अरूण कुमार सुपुत्र श्री कन्हैयालाल मौ. पालतियान, गुरूद्वारा के पास, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 266. रामकंवर दहिया जे.ई. सुपुत्र श्री सूरत सिंह, 66 पटेल नगर, गली नं. 9, बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 267. रामअवतार सुपूत्र फतेराम 2100/34 अमृत कॉलोनी, रोहिला आटा चक्की के पास रोहतक 124001, 268. ओमप्रकाश शर्मा सुपुत्र श्री बेलीराम शर्मा म.नं. 3050 वार्ड नं. 21 रामनगर कॉलोनी रोहतक 124001, 269. पूजा पत्नी विशाल म.नं. 458, गली नं. 3, कश्मीरी कॉलोनी, फेज-1 बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 270. कमलेश पत्नी रमेश कुमार खटीकों वाला मोहल्ला महम, रोहतक , 271. महाबीर सिंह सुपुत्र श्री निहाल सिंह गांव कनीना वार्ड नं.1, कनीना, महेंद्रगढ़ 123027, 272. अजय कुमार सुपुत्र श्री हवासिंह 540/5 हरीनगर लाइनपार, बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 273. ओम प्रकाश सुपुत्र श्री रिच्छी राम 659/45/21 विशाल नगर, रोहतक 124001, 274. भारत सुपुत्र ब्रह्मदत, पताः घाटाशेर,नारनौल पिनः 123001, 275. अंकिता सुपुत्री श्री वैष्णु दास 1941/13 कृष्णा कॉलोनी, जींद 126102, 276. बिशन चंद पुत्र स्व. श्री हजारी लाल छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 277. बिशन चंद पुत्र स्व. श्री हजारी लाल छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 278. परिक्षित फौगाट सुपुत्र हरेंद्र फौगाट गांव व डाक रिठाल फौगाट, रोहतक , 279. हर्ष जांगड़ा सुपुत्र श्री दीपक कुमार, रामनगर, रोहतक रोड, जींद 126102, 280. संदीप सुपुत्र महेंद्र सिंह गांव व डा. गटावली तहसील जुलाना, जींद 126101, 281. अनामिका सुपुत्री सुरेंद्र गांव बत्वा, कनीना तहसील कोसली रेवाड़ी 123303, 282. रितिक सुपुत्र बृजेंद्र सिंह 9 ई पुलिस लाइन रोहतक 124001, 283. प्रेम कुमार, कमल कॉलोनी, कैथल , 284. अमिरचंद सुपुत्र श्री राधेश्याम ग्रा. व डा. कनीना मंडी, वार्ड-6, तहसील कनीना, महेंद्रगढ़ 123027, 285. महेंद्र सिंह पत्नी मुकेश सिंह शिव कॉलोनी फ्लाई ओवर के पास जींद बाईपास, रोहतक 124001, 286. सतीश कुमार पत्नी शकुंतला देवी भट्टी गेट, शिव मंदिर के पास, झज्जर 124103, 287. देविधा सुपुत्री श्री जगमोहन म.नं. 1625/19 फाटक के पास्र, श्रीनगर कॉलोनी, रोहतक 124001, 288. निशा पत्नी कुलदीप कुमार गांव बत्वा, कोसली, रेवाड़ी 123303, 289. महाबीर सिंह सुपुत्र दलीप सिंह म. नं. 514-ए, सैक्टर 4, रोहतक 124001, 290. राजकुमार नागर सुपुत्र करतार सिंह नागर, मं.नं. 139, गली नं.5, शंकर गार्डन, बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 291. सहदेव सिंह सुपुत्र राम जीवन खोजावारा मोहल्ला वार्ड नं. 09 महेंद्रगढ़ 123029, 292. दलीप सिंह खर्ब सुपुत्र स्व. रामचंद्र खर्ब 1110/18 शिव कॉलोनी जींद 126102, 293. लीलाराम सुपुत्र श्री रामकुमार, पताः गांव मालड़ासराय, महेंद्रगढ़, 294. संजय कुमार सुपुत्र संतलाल, पताः ढाणी बानिया वाली,नागंल चौधरी पिन 123023, 295. कोमल कुमारी / पत्नी श्री संजय कुमार, पताः ढाणी बानिया वाली, नागंल चौधरी पिन 123023, 296. अंशिका यादव सुपुत्री संजय, पताः ढाणी बानिया वाली, नागंल चौधरी पिन 123023, 297. रामरती /पत्नी श्री संतलाल , पताः ढाणी बानिया वाली, नागंल चौधरी पिन 123023, 298. दीपांशु यादव सुपुत्र संजय, पताः ढाणी बानिया वाली, नागंल चौधरी पिन 123023, 299. कोमल कुमारी / पत्नी श्री संजय कुमार, पताः ढाणी बानिया वाली, नागंल चौधरी पिन 123023, 300. संजय सुपुत्र संतलाल पताः ढाणी बानिया वाली, नागंल चौधरी पिन 123023

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-

फोन : 9253681019, 9253681020




# कांग्रेस में घमासानः आज भिवानी में किरण के, कल जींद में जुटेंगे बीरेंद्र सिंह के समर्थक

टिकट वितरण में हुड्डा गुट के प्रभुत्व से कांग्रेस में घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता किरण चौधरी की बेटी श्रुति की भिवानी-महेंद्रगढ़ व पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे निवर्तमान सांसद बृजेंद्र का हिसार टिकट काटकर कांग्रेस ने सभी को चौका दिया। जिसके बाद किरण चौधरी ने 27 को भिवानी तो बीरेंद्र सिंह ने 28 को जींद में अपने समर्थकों की बैठक बुलाकर इसके संकेत दे दिए हैं और आने वाले दिनों में टिकट की दौड़ में शामिल कुछ और नेताओं के नाम भी इस सूची में शामिल हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। बीरेंद्र सिंह बेटे को हिसार से फिर चुनाव मैदान में उतारने के सपने के साथ लोस चुनाव से पहले भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए थे तो किरण भी श्रुति की टिकट को लेकर आश्वस्त थी।

## फिर हो गया बीरेंद्र सिंह के साथ खेला, किसने मार दी मांजी

सतेंद्र पंडित ▶▶| जींद

हरियाणवी में कहावत है कि ठोक दी मांजी। ऐसा लोस सभा कांग्रेस टिकट वितरण में कुछ पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के साथ हुआ है। बीरेंद्र सिंह ने अपने निवर्तमान सांसद बेटे बृजेंद्र के साथ दस साल भाजपा की राजनीति करने बाद घर वापसी कांग्रेस में की थी। वजह बेटे बृजेंद्र सिंह को भाजपा से टिकट देने से इंकार करना था। अब कांग्रेस में आने के बाद भी उनके बेटे बृजेंद्र का लोकसभा की टिकट नही मिली। बीरेंद्र सिंह भाजपा की राजनीति करने से पूर्व 42 वर्ष कांग्रेस राजनीति में बड़े औहदों पर रहे। यह भी साफ है कि कांग्रेस में शामिल होने के दौरान अपने बेटे बृजेंद्र सिंह के राजनीतिक करियर के चलते लोकसभा टिकट की डिमांड थी। प्राथमिकता हिसार लोकसभा क्षेत्र से थी। साथ में नजर सोनीपत लोस



बेटे के राजनीतिक करियर को लेकर 10 साल बाद कांग्रेस में लोटे हैं बीरेंद्र सिंह

पर भी थी। बृजेंद्र सिह का नाम हिसार के साथ-साथ सोनीपत पर भी चला। कांग्रेस द्वारा घोषित प्रत्याशियों में बृजेंद्र सिंह का नाम नही था। हिसार से कांग्रेस ने जयप्रकाश उर्फ जेपी को मैदान में उतार दिया। जबकि सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी को पार्टी प्रत्याशी बना दिया। बृजेंद्र को टिकट न दिला पाना बीरेंद्र सिंह के लिए बड़ा राजनीतिक झटका है। कहते है कि राजनीति में नही कोई सगा, यहा अपने ही देते हैं दगा। बीरेंद्र सिंह के साथ भी कुछ ऐसा हुआ है। 42 साल तक कांग्रेस की राजनीति करने वाले बीरेंद्र सिंह कभी पार्टी में टिकट बांटने वालों में होते थे। दस जनपथ पर सीधी पहुंच थी। बीरेंद्र सिंह की चाह सीएम बनने की रही। 1991 में राजीव गांधी ने घोषणा भी की थी कि बीरेंद्र सिंह को सीएम बनाया जाएगा लेकिन राजीव गांधी की मौत के साथ बीरेंद्र सिंह की आशाओं पर भी तुषारापात हो गया। जो उनके बाद में राजनीति करने लगे वे दौड़ में आगे निकल कर सीएम बन गए।

### भाजपा में बात नहीं बनी तो पलटी मारी

भाजपा ने राज्यसभा में भेज कर बीरेंद्र सिंह को केंद्रीय मंत्री बनाया। उनके सेवानिवृत आईएएस बेटे बृजेंद्र को भाजपा की टिकट पर हिसार लोकसभा से सांसद बने। बीरेंद्र सिंह की पत्नी प्रेमलता उचाना से भाजपा की टिकट पर विधायक बनी। भाजपा में बात नहीं बनी तो दस साल बाद फिर कांग्रेस मे शामिल हो गए। जब कांग्रेस में शामिल हुए तो रणदीप सुरजेवाला, भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कुमारी शैलजा को भाई कह कर संबोधित किया था। कुछ दिन पहले बीरेंद्र सिंह का उनके समर्थक के साथ बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। जिसमें बृजेंद्र सिंह की हिसार से टिकट में पूर्व सीएम भूपेद्र सिंह हुड्डा द्वारा खेला करने की आशंका जाता रहे हैं। जो टिकट कांग्रेस ने घोषित की है। उनमें पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा को त्वज्जो दी गई है। बृजेंद्र सिंह खेला का शिकार हो गए। अहम पहलू यह भी है कि बीरेंद्र सिंह का उचाना में कांग्रेस की राजनीति करने वाले लोग भी विरोध कर रहे हैं। साफ कह रहे है कि जब बीरेंद्र सिंह भाजपा में मलाई खा रहे थे। उस दौरान वे कांग्रेस का जिंदा रख उसे मजबूत कर रहे थे। हालात यहां तक रहे कि बृजेंद्र सिंह को कांग्रेस से प्रत्याशी बनाए जाने का विरोध करने धरने पर बैठे उचाना के किसान दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए और बीरेंद्र परिवार को टिकट न देने की बात ही। भाजपा ने बीरेंद्र सिंह के बेटे को टिकट देने से मना कर हाशिये पर धकेल दिया था।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।

## समर्थकों के साथ सलाह करेंगी किरण और श्रुति चौधरी

पुरुषोत्तम तंवर ▶▶| भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से श्रुति चौधरी को टिकट न दिए जाने के बाद अचानक किरण चौधरी ने अपने समर्थकों की बैठक बुला ली। बैठक में क्या दिशा निर्देश देंगे,लेकिन माना जा रहा है। टिकट न मिलने के बाद कोई न कोई नए फैसले के बारे में सलाह मशविरा कर सकते है। जिसके लिए मुख्य पदाधिकारियों व समर्थकों को बुलाया गया है। दूसरी तरफ किरण चौधरी द्वारा अचानक बैठक बुलाए जाने के बाद विरोधी खेमा भी सकते में आ गया। विरोधी खेमे के नेता लगातार मीटिंग के एजेंडे को टटोलने का प्रयास कर रहे है। ताकि यह पता चल जाए कि किरण चौधरी का अगला कदम क्या होगा। फिलहाल हर किसी की नजर किरण



कार्यकर्ताओं से सलाह मशविरा के बाद उठा सकती है बड़ा कदम

चौधरी द्वारा बुलाई गई बैठक पर लगी है। भले ही कांग्रेस ने लोकसभा उम्मीदवारी की टिकट वितरण में देरी की हो,लेकिन कांग्रेस ने भाजपा उम्मीदवार के आगे 'डी' का ऐसा पत्ता फेंका कि चुनावी पारा एकदम हीटवेव के बिंदू पर पहुंच गया। उम्मीदवार की घोषणा होते ही लोगों की जुबान पर भिवानी महेंद्रगढ़ चुनावी लफ्ज फिरने लगे। कांग्रेस ने हुड्डा के सबसे भरोसेमंद उम्मीदवार राव दान सिंह को चुनावी मैदान में उतारकर सबको चौका दिया। क्योंकि भाजपा के उम्मीदवार चौधरी धर्मबीर सिंह भी दस साल पहले हुड्डा के अखाड़े में ही कसरत करते थे,लेकिन अब हुड्डा अखाड़े से निकले राव दान सिंह चुनावी मैदान में आने के बाद चुनाव रोचक हो गया। क्योंकि दोनों ने करीब दस साल पहले हुड्डा अखाड़े से ही चुनावी दाव पेंचों को धार लगाई थी। वर्ष 2014 में निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा में आए तो राव दान सिंह वहीं रखकर अपने चुनावी दांव पेजों को संवारते रहे। अब भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर हुड्डा अखाड़े के दोनों पहलवान आमने सामने है।

### अहीरवाल वोट बैंक पर दोनों की नजर

निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह व कांग्रेस प्रत्याशी राव दान की नजर महेंद्रगढ़ के अहीरवाल वोट बैंक पर नजर है। दोनों नेता उक्त वोट बैंक को अपने वोट मानते है। बीते लोकसभा चुनाव में अहीरवाल ने धर्मबीर सिंह को दिल खोल कर वोट दिए थे,लेकिन इस बार विकट स्थिति बनने वाली है। क्योंकि उन वोटों पर राव दान सिंह अपना हक जताते है। क्योंकि उनकी बिरादरी से जुड़ा मामला है। अब देखना ये है कि इन वोटों पर निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह सेंध लगाने में कामयाब होते है या राव दान सिंह की झोली में डलते है। यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है।

### पहली बार बंसीलाल परिवार, चुनावी से बाहर

पहली बार ऐसा हो रहा है कि देश की सबसे बड़ी पंचायत के चुनाव हो रहे हो और इन चुनावों में पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल परिवार का कोई न कोई व्यक्ति चुनाव न लड़ता हो। यह पहली बार हो रहा है। बताते है कि वर्ष 1977 में भिवानी लोकसभा का गठन हुआ था। लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद चार बार बंसीलाल, चार बार सुरेंद्र सिंह तथा दो बार श्रुति चौधरी ने चुनाव लड़ा। रिजल्ट चाहे कोई भी रहा हो,लेकिन हर चुनाव में इस परिवार की भागीदारी जरूर रही है। इस बार कांग्रेस ने श्रुति चौधरी की टिकट काटे जाने के बाद समर्थकों के वोट तो कांग्रेस के साथ रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### उप वन राजिक अधिकारी जयपाल सिंह निलंबित

**चंडीगढ़।** हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय सिंह ने शिकायत के आधार पर वन विभाग के तोशाम रेंज के उप वन राजिक अधिकारी जयपाल सिंह को निलंबित कर दिया है। बताया गया कि मंत्री के पास उक्त अधिकारी की शिकायत पहुंची थी जिसके आधार पर उन्होंने विभाग के उच्चधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए।

### युवक ने घर के बाहर खड़ी कार में लगाई आग

**फतेहाबाद।** शिव चौक क्षेत्र में वीरवार की देर रात स्कूटी पर सवार होकर आए युवक ने घर के बाहर खड़ी कार में आग लगा दी। पड़ोसी युवक द्वारा समय रहते देख लेने पर आग को बुझा दिया गया। आग लगने से कार का टायर और अंदर की सीटें जल गई। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। कार में आग लगाने की यह घटना वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है, जिसमें दिख रहा है कि एक युवक स्कूटी पर आता है और कार का शीशा तोड़कर उसमें आग लगा देता है।

### तूड़ी के कूप व बिटोड़े में आग के मामले में केस

**कैथल।** गांव बात्ता में छह आरोपियों ने एक किसान के तूड़ी के कूप और बिटोड़े में आग लगा दी। गांव के बिल्लू ने कलायत थाना में शिकायत दी कि 25 अप्रैल को आरोपी कपिल, संजू, प्रवीन, मोहित, अमरनाथ व कृष्ण ने उनके तूड़ी के कूप और बिटोड़े में आग लगा दी। उसे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। जांच अधिकारी संजय ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है मामले में जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## लोस मिशन-2024 फतह करने के लिए भाजपा ने कसी कमर

# हरियाणा की धरती पर मई में तेजी पकड़ेगा चुनाव प्रचार, मोदी और शाह की जोड़ी उतरेगी मैदान में

- पूर्व सीएम और सीएम नायब सैनी पहले ही सभी 90 विस सीटों पर रैलियां करने का बना चुके हैं कार्यक्रम

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में लोकसभा मिशन-2024 में फ़तेह पाने के लिए हरियाणा भाजपा के सियासी दिग्गज मैदान में उतरे हुए हैं। इस बार भी अभी तक ठंडा चल रहा चुनावी अभियान मई माह की शुरुआत होते ही तेजी पकड़ने जा रहा है। पिछली बार की तरह इस बार भी हरियाणा की माटी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह हरियाणा में बड़ी रैली और रोड शो करने की तैयारी में



है। यहां बता दें कि हरियाणा के अंदर लोकसभा की 10 की दस सीटों को पिछली बार की तरह जीतने की तैयारी है।

राज्य के अंदर 25 मई को छठे चरण में मतदान होना है, यही कारण है कि प्रत्याशियों द्वारा धीरे-धीरे चुनावी अभियान को तेजी दी जा रही है। वैसे, अब कांग्रेस की ओर से मैदान में प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुनावी जंग को तेज कर दिया है कुल मिलाकर प्रदेश के अंदर पिछले बार के लोकसभा चुनाव की तरह से ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन-तीन लोकसभाओं के उम्मीदवारों को बुलाकर एक ही स्थान पर बडी.रैली कर सकते हैं। प्रदेशवासियों को पूर्व में भी पीएम मोदी संबोधित कर चुके हैं। खास बात यह है कि लगभग एक दशक तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर हरियाणा की करनाल लोकसभा सीट से इस बार भाग्य आजमाने उतरे हैं,इसलिए यह तय है कि मनोहर लाल के पुराने साथी देश के प्रधानमंत्री मोदी करनाल सीट को लेकर बड़ी रैली कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी संगठन की ओर से इसकी तैयारी कर ली है, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी पहले ही हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर रैलियां करने का कार्यक्रम बना चुके थे।

### करनाल विस के उपचुनाव को लेकर तैयारी तेज

करनाल विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज रणनीति बनाकर फील्ड में उतरेंगे। इस सीट पर भी प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी की प्रतिष्ठा दाव पर लगी हुई है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा कर चुके शुरुआत

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पंचकूला से लोकसभा मिशन 2024 की मुहिम की शुरुआत कर चुके हैं, खास बात यह है कि छठे चरण में हरियाणा का चुनाव होना है, इसलिए बाकी प्रदेशों से चुनाव समाप्ति के बाद भाजपा के सियासी दिग्गज हरियाणा की माटी पर उतरेंगे, एक बार फिर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ-साथ देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय नेता चुनावी मुहिम को रफ्तार देने आएंगे।

### भाजपा 30 से ज्यादा विस में रैली कर चुकी

30 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्र में सभा करने के बाद अब बाकी क्षेत्रों में भी रैली और सभाएं चल रहीं हैं। इस बार भी वर्ष-2019 लोकसभा मिशन की तरह एक-एक लोकसभा सीट पर तीन लोकसभा उम्मीदवारों को बुलाकर प्रधानमंत्री वोटरों से वोट की अपील कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर पिछली बार कुरुक्षेत्र में रैली रखी थी। जिसमें अंबाला, कुरुक्षेत्र और करनाल के प्रत्याशियों को बुलाया गया था इसी प्रकार से एक एनसीआर और एक हिसार, सिरसा क्षेत्र में रैली करने की रणनीति पर मंथन हो चुका है। कुल मिलाकर जल्द भारतीय जनता पार्टी में माह में होने वाली बड़ी रैलियां को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा के साथ-साथ गृहमंत्री शाह का वक्त लेने की तैयारी में हैं।

### शिक्षा की गुणवत्ता को बनाएं रखें: प्रो. तोमर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के फरीदाबाद स्थित जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने संबद्ध संस्थानों से राज्य एवं केंद्रीय नियामक निकायों द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानदंडों के अनुरूप तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के मानकों को बनाए रखने की दिशा में काम करने को कहा है।




महिलाओं की मुश्किल
जटिल समस्याओं
का स्थायी समाधान अभी कॉल करें
7710644444

### वीआईपी और अन्य को सुरक्षा प्रदान करने को लेकर हाईकोर्ट ने पंजाब के डीजीपी से जवाब मांगा

**चंडीगढ़।** वीआईपी और अन्य लोगों को सुरक्षा प्रदान करने में पुलिसकर्मियों की तैनाती पर हाई कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा है कि कानून और सुरक्षा की स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है हाई कोर्ट ने सरकार से राज्य सुरक्षा नीति के तहत वीआईपी और व्यक्तिगत व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली सुरक्षा के बारे में पंजाब के डीजीपी से जानकारी भी मांग है। हाई कोर्ट के जस्टिस हरकेश मनुजा ने कहा कि पुलिसकर्मियों की कमी जांच में देरी व लंबी सुनवाई का मुख्य कारण है। यह परिस्थितियां आम नागरिकों के सिस्टम में विश्वास को खत्म करती हैं। कोर्ट ने कहा कि समय के साथ, विश्वास की यह कमी नागरिकों, जिसमें गवाह भी शामिल हैं, के लिए एक गंभीर और बड़ा खतरा बन जाती है, जिससे राज्य को उन्हें सुरक्षा उपाय प्रदान करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह घटनाक्रम 2019 में एक मामले में दर्ज तीन आरोपितो की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सामने आया। कोर्ट ने कहा कि एफआईआर लगभग पांच साल पहले दर्ज की गई थी और आज तक केवल एक गवाह से पूछताछ की गई है।

### हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ में स्कूल बस सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं किए जाने पर नोटिस जारी किया

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को हरियाणा, पंजाब एवं केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को एक जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया है , जिसमें आरोप लगाया गया है कि दोनों राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में स्कूल बस सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में हाल ही में हुई घटना के मद्देनजर दायर याचिका में 11 अप्रैल को नशे में धुत चालक द्वारा लापरवाही से चलाई गई स्कूल बस में छह स्कूली बच्चों की मौत हो गई थी। याचिका में पंजाब एवं हरियाणा दोनों राज्यों में स्कूल/कालेज जाने वाली बसों के संबंध में फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित कार्रवाई करने के निर्देश देने की मांग की गई है। आरोप लगाया गया है कि सभी शिक्षण संस्थानों में 80 प्रतिशत वाहन बिना उचित फिटनेस के सड़कों पर चल रहे हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले दिनों महेंद्रगढ़ जिले में 11 अप्रैल को हुई घटना में छह छात्रों की जान चली गई थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी यह आम आदमी की जिंदगी से जुड़ा मामला है, क्योंकि बस चालकों की लापरवाही के कारण पहले भी छोटे बच्चों की जान जा चुकी है।

### वार्षिक परीक्षा के अंक अपलोड करने की तिथि 3 मई तक बढ़ाई

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय व अराजकीय विद्यालयों व गुरुकुलों विद्यापीठों द्वारा शैक्षिक सत्र 23-24 के लिए कक्षा 9वीं व 11 वीं के छात्रों व छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक अपलोड करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, 2024 निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर अब 3 मई 2024 कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने शुक्रवार को यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में यह जानकारी दी है।

*जींद के उचानाखुर्द में दर्दनाक हादसा*

## तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर बाइक सवार दो भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव उचानाखुर्द में बाइक पर पीने का पानी लेने जा रहे बाइक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर कार चालक मौके से फरार हो गया। उचाना थाना पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उचानाखुर्द निवासी कृष्ण कुमार (55) तथा उसका छोटा भाई कर्ण सिंह (50) बीती देर शाम को बाइक पर सवार होकर पीने का पानी लेने के लिए दरौली रोड पर खेत में जा रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर कार चालक मौके




से फरार हो गया। ग्रामीणों ने दोनों भाइयों को नागरिक अस्पताल उचाना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों भाइयो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। उचाना थाना पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का नागरिक अस्पाताल नरवाना में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक कृष्ण के बेटे लोकेश की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दीवार पर लिखी हुई इबारत है कि अबकी बार 400 पारः विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि लोकसभा चुनाव क नतीजा दीवार पर लिखी हुई इबारत है, कि अबकी बार 400 पार₹। उन्होंने कहा कि आम लोग मोदी को चाहते हैं और देश की



प्रगति चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के काम से आम लोग खुश हैं क्योंकि प्रधानमंत्री ने आम लोगों का पूरी दुनिया में मान सम्मान बढ़ाया है।

उन्होंने आज पानीपत में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आप राजनेताओं को बोलते हुए मत सुनो, आम लोग क्या कहते हैं और आम लोग प्रधानमंत्री के काम से खुश है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत बनाने की बात कही है।

*लोस चुनावः सी-विजिल एप पर 2541 शिकायतें*

## 25.45 करोड़ की अवैध शराब, मादक पदार्थ और नकद राशि की गई जब्त

- आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के प्रति नागरिक भी जागरूक रहें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में लोकसभा आम चुनाव-2024 को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचाने के लिए आयोग पूरी तरह सख्त है और राज्य में विभिन्न एजेंसियों द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगद राशि की मूवमेंट पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अब तक हरियाणा में 25.45 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगद राशि जब्त की गई है। चुनाव अधिसूचना से पहले ही नागरिक सी-विजिल मोबाइल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की 2541 शिकायत आयोग को भेज चुके हैं।शिकायतों में से रिटर्निंग अधिकारियों व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा संवीक्षा करने पर 2195 शिकायत सही पाई गई, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि कुल 4.33 करोड़ रुपये की नगद राशि जब्त की गई, जिसमें पुलिस द्वारा 71.21 लाख रुपये, आयकर विभाग द्वारा 81.19 लाख रुपये, आबकारी विभाग द्वारा 3.04 लाख रुपये और डीआरआई द्वारा 278 लाख रुपये की नगद राशि जब्त किया जाना शामिल है।



# टी20 में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, 7 बल्लेबाज 0 पर आउट... 17 साल की रोहमालिया ने की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेट में रिकॉर्ड का बड़ा क्रेज होता है। दिलचस्प आंकड़े हमेशा लुभाते रहे हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि यह रिकॉर्ड नहीं टूट पाएगा। लेकिन तभी कोई खलाड़ी अपने प्रदर्शन से चौंका देता है। ऐसा ही एक रिकॉर्ड 17 साल की गेंदबाज ने बनाया है। इस इंडोनेशियाई किशोरी रोहमालिया ने टी20 इंटरनेशनल में बिना कोई रन दिए 7 विकेट चटकाए (3.2-3-0-7), जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इतना ही नहीं टी20 फॉर्मेट में यह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है।

दरअसल, अपना डेब्यू मैच खेल रही इंडोनेशिया की रोहमालिया रोहमालिया ने यह कारनामा कर दिखाया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि इंडोनेशिया की रोहमालिया ने शून्य रन देकर देकर 7 विकेट हासिल किए, जो सभी टी20 इंटरनेशनल (पुरुष और महिला) में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा है। ऐसा आज तक कोई नहीं कर सका है।




### महिला टी-20 में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

| खिलाड़ी | देश | बॉलिंग | विरोधी | साल |
|---|---|---|---|---|
| रोहमालिया | इंडोनेशिया | 7/0 | मंगोलिया | 2024 |
| ओवरडिज्क | नीदरलैंड | 7/3 | फ्रांस | 2021 |
| एलिसन स्टॉक्स | अर्जेंटीना | 7/3 | पेरु | 2022 |
| अंजलि चंद | नेपाल | 6/0 | मालदीव | 2019 |
| गोएबिलवे | बोत्सवाना | 6/1 | लेसोथो | 2023 |



### 6-0 से जीती सीरीज

बुधवार को खेले गए सीरीज के पांचवें टी20 मैच में इंडोनेशिया ने 151 रन बनाए थे। इसके बाद इंडोनेशिया के गेंदबाजों ने मंगोलिया को 24 रन पर ऑलआउट कर दिया। इंडोनेशिया ने इसके साथ ही 24 अप्रैल को छठा मैच खेला, इस तरह सीरीज 6-0 से जीत ली।

### 20 डॉट गेंदें फेंकी

बाली में मंगोलिया के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज के पांचवें टी20 इंटरनेशनल में स्पिनर रोहमालिया ने 20 गेंदें फेंकी, ये सभी डॉट गेंदें रहीं। इस दौरान रोहमालिया ने सात बल्लेबाजों को शून्य पर आउट किया। अर्जेंटीना की एलिसन स्टॉक्स (3 रन पर 7 विकेट) और नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरडिज्क (3 रन पर 7 विकेट) के बाद रोहमालिया महिला टी-20 में 7 विकेट लेने वाली तीसरी गेंदबाज हैं।

### पुरुष वर्ग का ओवरऑल रिकॉर्ड

पुरुषों की टी20ई में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा मलेशिया के सयाजरुल एजात इद्रस के नाम हैं, जिन्होंने पिछले साल चीन के खिलाफ 8 रन देकर 7 विकेट लिए थे। यह मैच कुआलालम्पुर में 26 जुलाई 2023 को खेला गया। सयाजरुल की गेंदबाजी की वजह से चीन की टीम महज 11.2 ओवर्स में 23 रनों पर लुढ़क गई। यह टी-20 क्रिकेट इतिहास में तीसरा सबसे न्यूनतम स्कोर रहा। तब सयाजरुल ने पुरुषों के टी20 इंटरनेशनल मैचों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के पीटर अहो के रिकॉर्ड को तोड़ा था। पीटर ने यह रिकॉर्ड नाइजीरिया के लिए खेलते हुए 2021 में सिएरा लियोन के खिलाफ बनाया था। पीटर ने तब 5 रन देकर 6 विकेट लिए थे।



### फुल मेंबर देशों का रिकॉर्ड दीपक चाहर के नाम

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के पूर्ण सदस्यों वाले देशों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के स्पेल का रिकॉर्ड भारत के दीपक चाहर के नाम है। चाहर ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ 7 रन देकर 6 विकेट निकाले थे। वहीं, चाहर के साथ संयुक्त रूप से इस पोजीशन पर युगांडा के दिनेश नाकरानी भी हैं। दिनेश ने 2021 में लेसोथो के खिलाफ युगांडा के लिए 7 रन देकर 6 विकेट झटके थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| बेंगलोर | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप




विराट कोहली
430 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप



### लक्ष्य का पीछा करने में सफलता चाहिए

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी का मानना है कि उनकी टीम आईपीएल के इस सत्र में बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रही है लेकिन अब लक्ष्य का पीछा करने में सफलता हासिल करना जरूरी है। सनराइजर्स आठ में से पांच मैच जीतकर अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। पांच में से चार मैचों में उसने पहले बल्लेबाजी करते हुए सफलता पाई। विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स से 35 रन से मिली हार के बाद कहा, 'हम बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रहे हैं लेकिन अब लक्ष्य का पीछा बेहतर ढंग से करना होगा।

### मुंबई प्रतिद्वंद्वी टीम को रोकने में प्रभावी नहीं



**नई दिल्ली।** बल्लेबाज टिम डेविड को लगता है कि पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्रतिद्वंद्वी टीम को रोकने में असफल रही और टूर्नामेंट में आगे उसे इस पर ध्यान देना होगा। मुंबई इंडियंस आठ मैच में सिर्फ तीन में जीत हासिल कर पाई है जिससे वह आठवें स्थान पर चल रही है। पिछले मैच में जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी को छोड़कर उसके लिए कुछ भी अच्छा नहीं रहा जिससे उसे राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा।

### सेंथिलकुमार, आकांक्षा क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरुगे को सीधे गेम में हराकर 12000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई।

# पंजाब ने आईपीएल का सबसे बड़ा लक्ष्य चेज किया, केकेआर को हराया



कोलकाता को आठ विकेट से दी करारी मात

बेयरस्टो ने 48 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पंजाब किंग्स ने आईपीएल का सबसे बड़ा टारगेट चेज कर लिया है। टीम ने मौजूदा सीजन के 42वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 8 विकेट से हराया। पंजाब ने कोलकाता के होमग्राउंड पर 18.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 262 रन बना दिए। जॉनी बेयरस्टो ने सेंचुरी लगाई। वे 48 बॉल पर नाबाद 108 रन बनाकर नाबाद रहे, शशांक सिंह ने 28 बॉल पर नाबाद 68 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। पंजाब से प्रभसिमरन सिंह ने भी 20 बॉल पर 54 रन बनाए। कोलकाता से सुनील नरेन ने एक विकेट लिया। वहीं एक बल्लेबाज रनआउट हुआ। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शुक्रवार को पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 261 रन बना लिए हैं। फिल सॉल्ट (37 बॉल पर 75 रन) और सुनील नरेन (32 बॉल पर 71 रन) ने अर्धशतक जमाए। दोनों में शतकीय साझेदारी हुई। आंद्रे रसेल ने 24, वेंकटेश अय्यर ने 39 और श्रेयस अय्यर ने 28 रन बनाए। सैम करन, अर्शदीप सिंह और राहुल चाहर को एक-एक विकेट मिला।

### कोलकाता-261/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल साल्ट बो करन | 75 |
| नारायण का बेयरस्टो बो चाहर | 71 |
| वेंकटेश अय्यर रन आउट | 39 |
| रसेल का पटेल बो अर्शदीप | 24 |
| अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप | 28 |
| रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल | 05 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 06 |

अतिरिक्त : 13
कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 261 रन
विकेट पतन : 1-138, 2-163, 3-203, 4-246, 5-253, 6-261
गेंदबाजी: सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

### पंजाब-262/2 (18.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रभसिमरन सिंह रन आउट | 54 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 108 |
| रोसोऊ का अय्यर बो नारायण | 26 |
| शशांक सिंह नाबाद | 68 |

अतिरिक्त : 06
कुल योग : 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन
विकेट पतन : 1-93, 2-178
गेंदबाजी: दुष्मंता चमीरा 3-0-48-0, हर्षित राणा 4-0-61-0, अनुकूल रॉय 2-0-36-0, सुनील नारायण 4-0-24-1, वरूण चक्रवर्ती 3-0-46-0, आंद्र रसेल 2-0-36-0, रमनदीपस सिंह 0.4-0-9-0

### दिल्ली खराब फार्म से जूझ रही मुंबई को देगी चुनौती

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा। दूसरी ओर खराब शुरुआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई।

### लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे राजस्थान

**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढ़ खीर होगा।

तीरंदाजी विश्व कप

## दीपिका सेमीफाइनल में तीरंदाजों के 4 पदक पक्के




**शंघाई।** मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6-4 (27-28, 27-27, 29-28, 29-27, 28-28) से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरुष, महिला, मिश्रित और पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है।

### ज्योति और वर्मा का प्रदर्शन

ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर आस्ट्रेलिया की जॉर्जिया ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया। इसके बाद उन्होंने लक्जेमबर्ग की मारिया श्कोल्ना और जिलेस सेवर्ट को 155-151 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा को सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया के लिम और किम वूजिन ने 6-0 से हराया। अब वे कांस्य पदक के लिए मैक्सिको से खेलेंगे। रिकर्व में तरुणदीप राय क्वार्टर फाइनल में आंद्रेस तेमिनो से 3-7 से हार गए।

## नडाल की मैड्रिड ओपन में शानदार जीत, दूसरे दौर में पहुंची स्वियाटेक

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड



रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की।

चौदह बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को 4-6, 6-1, 6-4 से हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट को 6-2, 7-5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे। महिला वर्ग में इगा स्वियाटेक ने वांग शियू को 6-1, 6-4 से हराया। अमेरिका की कोको गाफ ने अरांतजा रूस को 6-0, 6-0 से मात दी। पूर्व नंबर एक नाओमी ओसाका को 15वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा ने 6-2, 4-6, 7-5 से हराया।

### सूर्यकुमार और बुमराह होंगे अहम खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्टार युवराज सिंह ने आगामी टी20 विश्व कप में टीम की संभावनाओं के लिए विस्फोटक सूर्यकुमार यादव और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे किसी भी समय मैच का रुख बदलने की काबिलियत रखते हैं। 2007 में टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज ने कहा कि टीम को दूसरी बार यह ट्राफी दिलाने के लिए सूर्यकुमार को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और बुमराह को भी अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करनी होगी।
0

## ओलंपिक चयन ट्रायल में जीतीं सिफ्ट ऐश्वर्य 463.6 अंक से बने विजेता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिफ्ट कौर सामरा ने शुक्रवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफ्ट ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया।

### ऐश्वर्य तोमर 463.6 अंक से विजेता



पुरुषों के थ्री पी ओएसटी टी2 फाइनल में ऐश्वर्य तोमर 463.6 अंक से विजेता रहे। यहां चल रहे ट्रायल्स के आठवें दिन पुरुषों और महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल टी2 क्वालिफिकेशन दौर में नैन्सी ने शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने 633.1 के स्कोर के साथ महिलाओं की एयर राइफल में शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की स्पर्धा में संदीप सिंह 632.6 अंक से शीर्ष पर रहे। महिलाओं की एयर पिस्टल में रिद्म सांगवान 584 अंक के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि सरबजोत सिंह 581 के साथ पुरुषों की एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर थे। सभी चार फाइनल शनिवार को होंगे।

उबेर कप में सिंधू के बिना युवा महिला टीम देगी चुनौती

# थॉमस कप खिताब बरकरार रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶ चेंगदू



भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरुष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा, 'यह वर्ष कठिन होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं।'

### एकल और युगल खिलाड़ी

*दो साल पहले निर्णायक पांचवां एकल मुकाबला जीतने वाले प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद आए हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिए हैं। लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड में सेमीफाइनल तक पहुंचे। दो साल पहले सभी छह मैच जीतने वाले किदाम्बी श्रीकांत 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप फाइनल हार गए थे। तीसरे एकल की जिम्मेदारी प्रियांशु राजावत को भी दी जा सकती है जो बैंकाक में टीम का हिस्सा थे और पिछले साल ओरलियंस सुपर 300 खिताब जीता। युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विश्व टूर पर लगातार चार फाइनल जीते हैं। उनके अलावा ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर दूसरी जोड़ी होगी।*

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल ढुलाई सेवाएं, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी भारत के राष्ट्रपति की ओर से 02 वर्षों की अवधि के लिए अंबाला मंडल में विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एसएलआर/एसएलआरडी कम्पार्टमेंट में पार्सल स्पेस (4 एमटी/3.9 एमटी) को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.स. | नीलामी केटलाग सं. | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-Parcel05-24(26 lots) | 03.05.2024 / 10:00 | 03.05.2024 / 14:40 |
| 2. | UMB-Parcel-0624(24 lots) | 04.05.2024 / 10:00 | 04.05.2024 / 14:20 |

बयाना राशि (EMD) - बोली का 5% (सालाना गणना)

| क्र. सं. | नीलामी केटलाग सं. एवं गाड़ी का विवरण | क्र. सं. | नीलामी केटलाग सं. एवं गाड़ी का विवरण |
|---|---|---|---|
| | UMB-Parcel05-24(26 lots) | | UMB-Parcel-0624(24 lots) |
| 1 | 12312 (FSLR-I) | 1 | 22452 (FSLR-I) |
| 2 | 22456 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 2 | 14613 (FSLR-I & RSLR-I) |
| 3 | 14503 (FSLR-I & RSLR-I) | | |
| 4 | 12006 (FSLR-I) | 3 | 14522 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 5 | 12012 (FSLR-I) | | |
| 7 | 12046 (FSLR-I) | 4 | 14525 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 8 | 14629 (FSLR-I & RSLR-I) | 5 | 14524 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 9 | 12411 (FSLR-I) | | |
| 10 | 12241 (FSLR-I) | 6 | 19412 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 11 | 12232 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | | |
| 12 | 22356 (FSLR-I) | 7 | 14054 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 13 | 14218 (FSLR-II & RSLR-I) | 8 | 14506 (FSLR-I) |
| 14 | 12528 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | | |
| 15 | 12450 (FSLR-I) | 9 | 14242 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 16 | 12688 (FSLR-I & (RSLR-I ) | 10 | 14732 (FSLR-I & RSLR-I) |
| 17 | 12218 (FSLR-I) | | |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी से संबन्धित किसी अन्य जानकारी, जैसे कि एक–बार पंजीकरण, एस.बी.आई. चालू खाते को आई.आर.ई.पी.एस. से जोड़ने, पुनग्रहणाधिकार राशि को चिन्हित करने इत्यादि हेतु, भावी बोलीदाताओं को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी
1256/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# ईवीएम की विश्वसनीयता पर बेवजह सवाल सही नहीं

देश में जारी आम चुनाव के दौरान वीवीपैट से जुड़ीं सभी याचिकाएं खारिज कर सौ फीसदी वीवीपैट से मिलान की मांग का फिलहाल पटाक्षेप हो गया है। ईवीएम को लेकर जारी बहस पर भी विराम लग गया है। देश में ईवीएम से चुनाव होते रहेंगे, मतपत्र की ओर लौटने की किसी भी संभावना का अंत हो गया है। चुनाव की मौजूदा व्यवस्था चलती रहेगी। अभी ईवीएम से चुनाव होते हैं और चुनिंदा सेंटरों पर वीवीपैट से मिलान की व्यवस्था है। ईवीएम से चुनाव में किसी भी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी की आशंकाओं को निर्वाचन आयोग पहले ही खारिज कर चुका है। उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए वोट का 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) के साथ मिलान कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज करते हुए अहम बात कही कि तंत्र के किसी भी पहलू पर ''आंख मूंद कर अविश्वास करना'' बिना वजह संदेह पैदा कर सकता है। पीठ ने मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुनः अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका भी खारिज कर दिया है। दरअसल, लोकतंत्र का अर्थ सद्भाव और सभी संस्थाओं में भरोसा बनाए रखने का प्रयास करना है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला भी दिया है कि उम्मीदवार की शिकायत पर ईवीएम की जांच हो सकती है। ईवीएम के 42 वर्ष के इतिहास में ऐसा प्रावधान पहली बार किया गया है। अगर दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले को किसी प्रकार का शक है तो वे 7 दिनों के भीतर शिकायत कर सकते हैं। इस जांच का खर्च प्रत्याशी को उठाना होगा। जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले उम्मीदवार को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी तीन निर्देश दिए हैं। चुनाव चिन्ह लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए। सील की गई यूनिट को 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए। इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेपर स्लिप की गिनती के सुझाव का परीक्षण किया जाय। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग यह भी देखे कि चुनाव चिन्ह के अलावा हर पार्टी के लिए बारकोड भी हो सकता है क्या? दिलचस्प है कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को अदालत ने अब तक 40 बार खारिज की है। 24 अप्रैल को 40 मिनट की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पीठ में शामिल न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने एक महत्वपूर्ण बात भी की है कि केवल अटकल के आधार पर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने की अनुमति नहीं दे सकते। यह उन याचिकाकर्ताओं को आईना दिखाना है, जो बार-बार इस मुद्दे को अदालत लेकर गए हैं। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, याचिकाकर्ता न तो कभी यह दिखा पाए कि चुनाव में ईवीएम का इस्तेमाल निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के सिद्धांत का कैसे उल्लंघन करता है और न ही डाले गए सभी वोट से वीवीपैट पर्चियों के शत प्रतिशत मिलान के अधिकार को साबित कर सके। चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए वीवीपैट का इस्तेमाल करीब 11 वर्ष पहले शुरू किया गया था। समय के साथ ईवीएम खरी उतरी हैं और मतदान प्रतिशत में वृद्धि इस बात को मानने का पर्याप्त कारण है कि मतदाताओं ने मौजूदा प्रणाली में विश्वास व्यक्त किया है। देश को पिछले 70 वर्ष से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने पर गर्व रहा है, जिसका श्रेय काफी हद तक निर्वाचन आयोग और जनता द्वारा उस पर जताए गए विश्वास को दिया जा सकता है।

# राजनीतिक मूल्यों को न भूलें दल



चुनाव
अखिलेश आर्येंदु

लोकतंत्र के इस उत्सव में जब चुनाव की गहमागहमी का मकसद येन केन प्रकारेण महज सत्ता हासिल करने तक ही सीमित हो गया हो तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। मूल्य पतन और विचारहीनता सत्ता पाने की ललक भले ही पूरी करती हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सुखद स्थिति नहीं है। लोकतंत्र का शासन सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय के लिए जाना जाता है। लोकतंत्र की गहराई को लेकर यकीन भी होता है कि जिस लोकतंत्र के पहरुए डॉ. लोहिया, नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री रहे हों, वहां राजनीतिक मूल्यहीनता और भ्रष्टाचार का बढ़ना और भी चिंताजनक है।

बदलते जमाने ने हमें यह सिखा दिया है कि हवाओं के साथ बहना ही अच्छा है। कविता की ये पंक्तियां आज के राजनीतिक माहौल को बयां करने के लिए काफी हैं। लोकतंत्र के इस उत्सव में जब चुनाव की गहमागहमी का मकसद येन केन प्रकारेण महज सत्ता हासिल करने तक ही सीमित हो गया हो तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जाहिर तौर पर लोकतंत्र का शासन सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय के लिए जाना जाता है। लोकतंत्र की गहराई को लेकर यकीन भी होता है कि जिस लोकतंत्र के पहरुए डॉ. लोहिया, नेहरू, आचार्य नरेंद्रदेव, लाल बहादुर शास्त्री, जेपी. कामराज, कर्पूरी ठाकुर व चौधरी चरण सिंह रहे हों, वहां राजनीतिक मूल्यहीनता और भ्रष्टाचार का बढ़ना और भी चिंताजनक है।

इस चुनाव को देखकर स्वामी विवेकानंद का वह वाक्य भी याद आता है कि राजनीति एक खेल है जिसे चालाक लोग खेलते हैं, मूर्ख लोग दिनभर चर्चा करते हैं। चुनाव में चर्चाओं का दौर दिनभर चलता है। ये चर्चाएं हिंसक, अहिंसक, व्यर्थ और काम की भी हुआ करती हैं। कहते हैं लोकतंत्र में चर्चाएं चुनाव के वक्त हवा बनाने या हवा का रुख बदलने का कार्य किया करती हैं, लेकिन ये चर्चाएं वाद-विवाद झगड़े और हिंसा की वजह बन जाएं तो यह सेहतमंद लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। जाहिर तौर पर आम चुनाव लोकतंत्र का जिंदा रहने का सबूत और यकीन भी है, लेकिन आम चुनाव में जिस तरह से राजनीतिक मूल्यों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं, वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रति आशंका भी पैदा कर रहा है। इसके लिए महज राजनेता ही जिम्मेदार नहीं हैं बल्कि देश का सारा तंत्र कमोवेश जिम्मेदार है। दो चरण का चुनाव हो चुका है। पहले चरण में पिछले आम चुनाव से कम मत पड़े हैं। इसकी तमाम वजह बताई जा रही हैं, लेकिन उन तमाम वजहों में एक बड़ी वजह मतदाताओं का चुनाव के प्रति उदासीन होना बताया जा रहा है। चुनाव आयोग की तमाम कवायदों के बावजूद यदि मत प्रतिशत कम है तो इसकी वजह तो यह भी हो सकती है कि लोगों के सामने कोई पार्टी या नेता के रूप में कोई ऐसा विकल्प नहीं दिख रहा है जो उनकी उम्मीदों पर खरा उतर सकता हो। गौरतलब है आजादी के सात दशक बाद भी करोड़ों लोगों के सामने यदि समस्याओं का अम्बार लगा मिले और आम आदमी खुद को उन समस्याओं को कम या हल करने में अक्षम पा रहा हो तो उसकी उम्मीदों पर पानी फिरता ही है। इसके लिए भले ही किसी एक पार्टी को जिम्मेदार न मानें, लेकिन सबसे लम्बे समय तक देश पर शासन करने वाली पार्टी की नाकामी को नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता है। इस बार के आम चुनाव में भी एक बार फिर राजनीतिक दलों में सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक मूल्यों की परवाह न करते हुए वे सभी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जो राजनीतिक मूल्यों और लोकतंत्र के लिए किसी भी तरह जायज नहीं ठहराए जा सकते हैं। विडम्बना ही कही जाएगी कि सत्ता पाने के लिए वे दल भी इस चुनावी समर में दंडबैठक कर रहे हैं जिनका न जनाधार है और न ही





कोई बेहतर दूरदर्शी राजनीतिक सोच ही है। जाहिर तौर पर राजनीतिक गठजोड़ व दबाव की राजनीति के बूते सत्ता हथियाने की सारी तरकीबें इस चुनाव में देखी जा सकती है। यह देखते हुए अच्छे, निष्ठावान, मूल्यों को संरक्षित करने वाले ईमानदार व सक्षम जननायक लोकतंत्र के इस समर में कूदने की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रहे हैं। यह स्वस्थ लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास के लिए स्वदेशी का आधार, सतत आर्थिक व सामाजिक विकास, पशुधन व पर्यावरण सुरक्षा, सुशासन, स्वावलम्बन, हिंसा व भ्रष्टाचार मुक्त समाज, हर हाथ को काम व उसका उचित दाम और मूलभूत आवश्यकताएं मसलन सड़क, बेहतर यातायात के साधन, कृषि और कृषकों की खुशहाली, सब को बिजली, सबके लिए समान अधिकार व कानून, राजनीतिक व सामाजिक आचार संहिता का पालन, भारतीय शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाओं में ही सुनिश्चित करने की गारंटी, सबको पीने योग्य पानी, प्राकृतिक व मानव संसाधन का जरूरत के मुताबिक वितरण, सबको फ्री चिकित्सा, गरीब व मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए ठोस नीतियां, आधुनिक सूचना तंत्र को और बेहतर बनाने की योजनाएं, बढ़ती गैर बराबरी को खत्म करने के लिए ठोस आर्थिक नीति, महिलाओं की सुरक्षा व खुशहाली, युवा वर्ग की क्षमता का बेहतर इस्तेमाल जैसे जनहितकारी और राष्ट्रीय मुद्दों की जगह लोक लुभावने वादे, नारे और भाषणों की भरमार किस लोकतंत्र के हिस्से कहे जाएंगे! राजनीति के केंद्र में जो वादे या घोषणाएं होनी चाहिए उनकी जगह तुष्टिकरण, लोक लुभावने वादे, राजनीति कर सत्ता पर काबिज होने का चलन का लगातार बढ़ते जाना सुखद लोकतंत्र का हिस्सा नहीं है, यह सच्चाई यदि किसी दल को याद नहीं है तो इससे न तो संविधान की रक्षा हो सकती है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों और शक्तियों को सुरक्षित करना ही सुनिश्चित हो सकता है। भारतीय लोकतंत्र का स्वरूप ऐसा होना चाहिए कि दूसरे मुल्क भी भारत के मूल्याधारित लोकतंत्र को दुनिया का सबसे बेहतरीन लोकतंत्र कह कर इसकी सराहना करते। आज भारत के इस लोकतंत्र के उत्सव पर विश्व मीडिया की बारीक नजर लगी हुई है। वे इस उत्सव के अप्रत्यक्ष पर्यवेक्षक बने हुए हैं, इसलिए आम चुनाव महज भारतीय लोकतंत्र के लिए ही महत्वपूर्ण नही है बल्कि दुनिया में तेजी से भारत की बढ़ती साख के नजरिये से भी महत्वपूर्ण है। जिस लोकतंत्र के स्वप्न हमारे संविधान निर्माताओं ने देखे थे उन स्वप्नों को पंख देने की दृढ़ इच्छा शक्ति किसी दल में दिखाई नहीं दे रही है। शायद इसलिए मतदाता इस बार खामोश है। उसकी उदासीनता यह बताती है कि कोई भी सत्ता में आए उसकी रोजमर्रा की समस्याएं जस की तस रहने वाली हैं।

भारत के कई राज्यों में लम्बे समय से अराजकता का माहौल देखने को मिलता रहा है। बाहुबलियों और माफियाओं ने अपना दबदबा शासन तक बना रखा था। लोकतंत्र का क्षरण और लोकतंत्र को बंधक बनाने वाली प्रथम चरण में देश के पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल में हिंसा की खबरें लोकतंत्र के इस उत्सव को क्या दागदार नहीं बनाती! राष्ट्रीय हितों की कीमत पर मूल्य पतन और विचारहीनता सत्ता पाने की ललक भले ही पूरी करती हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सुखद स्थिति नहीं है। आम आदमी को चाहिए कि वह जात पात, क्षेत्रवाद और निहित स्वार्थों से ऊपर उठकर केवल ऐसी पार्टियों और नेताओं का बहिष्कार ही न करे वरन, अपने बहुमूल्य मत का इस्तेमाल करते हुए देशहित में निर्णय लें। जाहिर तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, सबका साथ लेते हुए सबका विकास और आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए जो पार्टी कटिबद्ध दिखे उसे ही अपना बहुमूल्य मत दें। नोटा की बटन भी इसमें से कोई नहीं के तौर पर विकल्प के रूप में मौजूद है।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



*अटुकल भगवती मंदिर केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित बहुत ही आकर्षक मंदिर है। अट्टुकल भगवती मंदिर माँ देवी भगवती को समर्पित एक धार्मिक मंदिर है। इसे महिलाओं की सबरीमाला के रूप में जाना जाता है और अपने वार्षिक अट्टुकल पोंगल उत्सव के लिए बड़ी संख्या में महिला भक्तों को आकर्षित करती है।*

दरकार
सोनम लववंशी



# मेधा का सम्मान करना सीखें

बीते दिनों यूपी बोर्ड 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। सीतापुर की प्राची निगम ने पूरे प्रदेश में टॉप किया है, लेकिन हमारे समाज की निकृष्ट सोच का स्तर देखिए प्राची के अच्छे स्कोर, उसकी पढ़ाई के प्रति लगन की सराहना करना तो दूर पर प्राची के चेहरे पर दिख रहे बालों का मजाक बनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर तरह-तरह के मीम्स बनाए जा रहे हैं। सोचिए उसके बाल मन पर क्या बीत रही होगी। जिस कार्य के लिए समाज को उसकी सराहना करनी चाहिए, उसके बजाय किस चीज पर बात कर रहे हैं। क्या आज के समय में चेहरे की खूबसूरती ही मायने रखती है? पढ़ाई लिखाई का खूबसूरती के आगे कोई महत्व नहीं है! प्राची ने 98.50 प्रतिशत के उत्कृष्ट स्कोर के साथ 600 में से 591 अंक प्राप्त किए हैं। ज़ाहिर सी बात है कि इसके लिए प्राची ने कड़ी मेहनत की है, लेकिन विकृत मानसिकता वाले उसकी उपलब्धि को तरजीह न देकर उसकी शक्ल-सूरत को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं। हमारे समाज में अक्सर एक लड़की को उसके रंग रूप को लेकर जज किया जाता है, पर सवाल तो यह है कि, क्या बिना शिक्षा के समाज चल पाएगा? अगर बिना पढ़े-लिखे सिर्फ सुंदर दिखने और फैशन से ही देश चल सकता है, तो फिर देश में एजुकेशन सिस्टम का क्या महत्व है? देश में शिक्षण संस्थानों की जगह सौंदर्य प्रसाधन केंद्र ही खोल दिए जाने चाहिए। दरअसल हमारे समाज की यही परेशानी है। कोई किसी की उपलब्धि की सराहना करे या न करे, निंदा करने में कोई पीछे नहीं रहता है। सदियों से महिला को केवल उपभोग की वस्तु के रूप में देखा जाता है जहां उसकी बाहरी खूबसूरती पितृसत्तात्मक समाज के लिए ज़रूरी हो जाती है। महिला खूबसूरत नहीं है तो उसे समाज में सम्मान की नजरों से नहीं देखा जाता है। स्त्री को स्वयं को इन मापदंडों से मुक्त करना होगा। यूं तो सोशल मीडिया के बढ़ते चलन ने भले ही सामाजिक दायरे को काफ़ी बढ़ा दिया है, लेकिन दूसरी तरफ़ ट्रोल गैंग जैसी विकृत मानसिकता एक्टिव हो गई है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि इंसान कौन है। उसे क्या परेशानी है। बस अपने मज़े के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में अनाप शनाप लिखना होता है। प्राची को मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीसीओएस यानी पॉलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम नामक बीमारी है। इस बीमारी में मेटाबॉलिज्म और हॉर्मोनल इंबैलेंस ज्यादा होता है। यहां तक कि पीरियड्स की भी समस्या रहती है। सोचिए कि जिस मासूम को दुनियादारी की परवाह तक नहीं है उसे तो सिर्फ अपनी पढ़ाई से मतलब है, बावजूद इसके ट्रोल गैंग उसे निशाना बना रहा है। एक ग़रीब ठेकेदार की बेटी की कामयाबी भी सभ्य समाज से देखी नहीं गई। वैसे अगर प्राची की जगह कोई लड़का टॉप करता तब उसके रंग रूप या चहरे को लेकर कोई चर्चा नहीं करता। क्यों समाज में स्त्री और पुरुषों में इस तरह भेदभाव किया जाता है। लड़की को लेकर समाज इतना संवेदनहीन हो चला है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब किसी स्त्री को उसके रंग रूप या किसी अन्य कारण से अपमानित किया गया हो। यहां तक कि हमारे देश की राष्ट्रपति तक को उनके रंग को लेकर मज़ाक बनाया गया। हमारे समाज को महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी। महिला कोई वस्तु नहीं है, उसका अपना एक वजूद है। उसे समाज में सम्मान मिलना चाहिए।

(लेखिका फ्रीलांसर एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहाः मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहाः बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहाः तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहाँ हूँ और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहाः नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहाः अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन





### आज की पाती

**इलाज पर भरोसा बना रहना चाहिए**

पतंजलि के कुछेक उत्पादों का मामला सुर्खियों में है। वैसे भ्रामक विज्ञापन किन्हीं एक या दो कंपनियों के ही नहीं होते, लगभग हर कंपनी अपने प्रोडक्ट बेचने के लिए ऐसा करती है। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई के साथ-साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से उच्चतम न्यायालय ने जो भी सवाल पूछे, उनके संबंधित संस्थाओं को साफ-साफ उत्तर देने चाहिए और सबकी निष्पक्ष और उचित जांच भी होनी चाहिए। इसका सारा सच आमजन के सामने मीडिया के जरिए भी आना चाहिए। दूसरी चीज आयुर्वेद की या अंग्रेजी दवाएं हों, इनकी कीमत इतनी निर्धारित होनी चाहिए कि ये गरीब से गरीब व्यक्ति को आसानी से उपलब्ध हों। - **वीरेंद्र कश्यप**, दुर्ग

## ट्रेंड

### कल्याण के लिए काम करेंगे



प्रेरक! यही एकमात्र शब्द है जो पूरे मालदा के माहौल का वर्णन कर सकता है। चिलचिलाती गर्मी हमें आशीर्वाद देने आए समर्थन के सागर को रोकने में असमर्थ थी। मैं इस स्नेह के लिए लोगों को धन्यवाद देता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि हम हमेशा उनके कल्याण के लिए काम करेंगे।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मानव होने का स्वभाव



यदि आपकी मानवता पूर्ण प्रवाह में है, तो आप अपने आस-पास के जीवन तक पहुंच जाएंगे। यह नैतिकता नहीं है- मानव होने का स्वभाव है। केवल आपके भौतिक शरीर को एक सीमा की जरूरत है। आपके बारे में बाकी सब कुछ सार्वभौमिक हो सकता है।
**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### यह सामान्य चुनाव नहीं



मतदान का बटन दबाने से पहले, 'हम, भारत के लोग' - भारत के संविधान की यह आत्मा, आपके दिल और दिमाग में गूंजनी चाहिए। यह मत भूलिए कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है।' यह लोकतंत्र को तानाशाही के चंगुल से बचाने का चुनाव है।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### अच्छी आदतों से आता स्वास्थ्य



प्यार दीर्घकालिक रिश्तों से आता है। स्वास्थ्य दीर्घकालिक अच्छी आदतों से आता है। धन लंबी अवधि के निवेश से आता है। शांति दीर्घकालिक आत्म-चिंतन से आती है। प्रतिभा दीर्घकालिक केंद्रित प्रयासों से आती है।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# श्रीलंका के मटाला हवाई अड्डे की जिम्मेदारी भारत-रूस को




श्रीलंका के हम्बनटोटा स्थित मटाला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को संयुक्त रूप से दी गई है। सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हवाई अड्डे का निर्माण 20 .9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया गया है और एक समय उड़ानों की कमी की वजह से इसे 'दुनिया का सबसे सुनसान हवाई अड्डा' करार दिया गया था। सरकारी प्रवक्ता और मंत्री बांदुला गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने नौ जनवरी को संभावित पक्षकारों से रुचि पत्र आमंत्रित करने की मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए और कैबिनेट द्वारा नियुक्त सलाहकार समिति ने भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए एक प्रबंधन अनुबंध देने का निर्णय लिया। गुणवर्धने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नागरिक विमानन और हवाई अड्डा सेवा मंत्री की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मटाला हवाई अड्डे का नाम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम पर रखा गया है। महिंदा राजपक्षे के करीब एक दशक के शासन में कई विशाल आधारभूत संरचना परियोजनाएं शुरू की गई जिनमें से यह एक है।

## ऑफ बीट

# आपका भोजन आने वाली नस्लों को बदल सकता है



पिछली शताब्दी के दौरान, आनुवंशिकी के बारे में शोधकर्ताओं की समझ में गहरा परिवर्तन आया है। जीन, डीएनए के क्षेत्र जो हमारी शारीरिक विशेषताओं के लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं, 1865 में जीवविज्ञानी ग्रेगर मेंडल द्वारा शुरू किए गए आनुवंशिकी के मूल मॉडल के तहत अपरिवर्तनीय माने जाते थे। यानी, जीन को किसी व्यक्ति के पर्यावरण से काफी हद तक अप्रभावित माना जाता था। 1942 में एपिजेनेटिक्स के क्षेत्र के उद्भव ने इस धारणा को तोड़ दिया। एपिजेनेटिक्स जीन अभिव्यक्ति में बदलाव को संदर्भित करता है जो डीएनए अनुक्रम में बदलाव के बिना होता है। कुछ एपिजेनेटिक परिवर्तन कोशिका कार्य का एक पहलू हैं, जैसे कि उम्र बढ़ने से जुड़े परिवर्तन। हालाँकि, पर्यावरणीय कारक भी जीन के कार्यों को प्रभावित करते हैं, जिसका अर्थ है कि लोगों का व्यवहार उनके आनुवंशिकी को प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए, एक जैसे जुड़वाँ बच्चे एक ही निषेचित अंडे से विकसित होते हैं और परिणामस्वरूप, उनमें आनुवंशिक संरचना समान होती है। हालाँकि, जैसे-जैसे जुड़वा बच्चों की उम्र बढ़ती है, अलग-अलग पर्यावरणीय जोखिमों के कारण उनकी शक्ल-सूरत अलग-अलग हो सकती है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



**लोकसभा चुनाव**
**दूसरा चरण**
**...वोटिंग के रंग**

# कोई बैलगाड़ी, कोई व्हील चेयर तो कोई घोड़े पर पहुंचा मतदान करने

*नई दिल्ली (भाषा)। देश के विभिन्न हिस्सों में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान मतदाताओं को अलग-अलग तरीके से मतदान केंद्रों तक पहुंचते हुए देखा गया। इस दौरान कहीं, एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां और दूल्हा-दुल्हन मतदान केंद्रों पर कतार में खड़े हुए देखे गए जबकि कोई बैलगाड़ी में मतदान केंद्र तक पहुंचा तथा सौ साल के कुछ लोग व्हीलचेयर पर वोट डालने पहुंचे।*

### बेंगलुरु

यहां रेस्तरां द्वारा मतदान करने वाले ग्राहकों को डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य पदार्थ मुफ्त अथवा रियायती दरों पर देने की घोषणा के बाद रेस्तरां के बाहर लंबी कतारें देखी गईं।



### छत्तीसगढ़

कांकेर संसदीय क्षेत्र के सिवनी गांव में एक मतदान केंद्र को 'मंडप' की तरह सजाया गया था और पारंपरिक विवाह अनुष्ठानों को प्रदर्शित किया गया था। पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे कई दूल्हे-दुल्हन वोट डालने के लिए कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद लोकसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर पहुंचे।



### उत्तर प्रदेश

यूपी के बुलंदशहर में एक मतदान केंद्र पर कुछ महिला मतदाता बैलगाड़ी पर सवार होकर ढोलक बजाते हुए पहुंचीं।



**लोकतंत्र का उत्सव**




### राजस्थान

राजस्थान के कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में 108 वर्षीय भूरी बाई को उनके परिवार के सदस्य व्हीलचेयर में गुंजारा मतदान केंद्र पर लाए, जिसके बाद उन्होंने अपना वोट डाला। जबकि 102 साल के हाजी करमदीन ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में मतदान किया।



### घोड़े पर पहुंचा दूल्हा

मध्यप्रदेश के दमोह लोकसभा क्षेत्र में जोश से साथ लोगों ने मतदान किया। इसमें दूल्हे- दुल्हन भी पीछे नहीं है, जो वैवाहिक व्यस्तताओं के बीच मतदान करने पहुंच रहे हैं।



### गूगन ने बनाया रंगीन डूडल

गूगल ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण को अपने होमपेज पर एक रंगीन डूडल के साथ चिह्नित किया, जिसमें अमिट स्याही लगी तर्जनी को दर्शाया गया, जो इस बात का संकेत देता है कि किसी व्यक्ति ने मतदान किया है।




### बारात से पहले मतदान

दमोह जिले के हटा ब्लॉक के घोघरा मतदान केंद्र में एक साथ दो दूल्हे मतदान करने पहुंचे। उन्होंने मतदान किया। इसके बाद बरात लेकर रवाना हुए। यह क्षेत्र वनांचल है इसके बाद भी लोगों में मतदान को लेकर जागरूकता है। दूल्हे वीरन आदिवासी एवं कृपाल आदिवासी ने बरात ले जाने से पहले मतदान किया।



### जम्मू : नवविवाहित जोड़े ने किया मतदान

जम्मू-कश्मीर के रियासी में शादी के बाद एक नव विवाहित जोड़ा वोट डालने पहुंचा। उन्होंने लोगों को यही संदेश दिया कि पहले मतदान बाद में दूसरे काम।



### मोटरसाइकिल से पहुंची नवनीत राणा

महाराष्ट्र के अमरावती में वोट डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा मोटरसाइकिल से मतदान केंद्र पहुंचे।



## दिग्गजों ने बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के प्रति निभाई अपनी जिम्मेदारी, किया मतदान



तिरुवनंतपुरम में शशि थरूर



कनकपुरा में भाई के साथ डीके शिवकुमार




बेंगलुरु में निर्मला सीतारमण



राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे



सीएम अशोक गहलोत परिवार सहित



केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह परिवार के साथ



एक्टर आशुतोष राणा ने गाडरवाड़ा में वोट डाला

### पीएम ने मालदा में चुनावी रैली की, नौकरियों में घोटाले को लेकर ममता को घेरा

# घोटालों का पर्याय बन गई तृणमूल : मोदी

**मालदा (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल में लगभग 26,000 नौकरियां रद्द होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की ''कट और कमीशन'' संस्कृति के कारण नुकसान उठाना पड़ा है तथा यह (तृणमूल) अब ''घोटालों का पर्याय'' बन गई है। मोदी ने मालदा में एक चुनावी रैली में उन युवाओं की ''दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए मजबूरी में ऋण'' लिया था। उन्होंने कहा, ''तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा राज्य की जनता को भुगतना पड़ता है। पार्टी बंगाल के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।'' मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में तृणमूल की संलिप्तता ने न केवल बंगाल के युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि इसका हजारों परिवारों पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, अब उन पर इस स्थिति का बोझ पड़ रहा है। केंद्र देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है।'



### शारदा घोटाला, चिटफंड घोटाला, रोज वैली घोटाले इनकी पहचान बनें

प्रधानमंत्री ने कहा, ''तृणमूल शासन में केवल एक ही चीज मौजूद है- हजारों करोड़ रुपये के घोटाले। दोषी तृणमूल है, लेकिन उसके धोखे और घोटालों की कीमत पूरे राज्य को चुकानी पड़ रही है।'' उन्होंने शारदा चिटफंड घोटाला, रोज वैली चिटफंड घोटाला और कोयला तस्करी घोटाले सहित विभिन्न घोटालों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल ने लोगों के कल्याण के बदले भ्रष्टाचार को प्राथमिकता दी। मोदी ने खासकर मालदा के अल्पसंख्यक बहुल जिले में महिला मतदाताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल ने तीन तलाक को समाप्त करने का विरोध करके मुस्लिम बहनों को धोखा दिया। उन्होंने कहा, ''मां-माटी-मानुष की बात करके सत्ता में आने वाली तृणमूल ने यहां की महिलाओं के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात किया है।

### मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को कोर्ट ने करारा तमाचा मारा

**अररिया (बिहार) (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज कर दिए जाने का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन 'इंडी' के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''राजद-कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन को न देश के संविधान और न ही लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना... बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में चुनाव में बूथ और मतपत्र लूट लिए जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से बाहर भी निकलने नहीं दिया जाता था।'' उन्होंने कहा, ''देश के गरीबों और ईमानदार मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उन लोगों को बर्दाश्त नहीं हो रहा था जो चुनाव के दिन वोट लूटने का खेल खेलते थे।'' प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर अपना प्रहार जारी रखते हुए कहा, ''उसके हर नेता ने ईवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया है।

## देश में यूसीसी लागू करना भाजपा का वादा और मोदी की गारंटी : शाह

**गुना (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को बरकरार रखने का वादा किया गया जबकि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का भाजपा का वादा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए, मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है, लेकिन भाजपा के लिए, गरीबों, दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों और आदिवासियों का पहला अधिकार है। सिंधिया मध्य प्रदेश की गुना लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। शाह ने कहा, ₹कांग्रेस के घोषणापत्र को ध्यान से पढ़ें। उन्होंने कहा है कि वे पर्सनल लॉ को फिर से लाएंगे...वे मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहते हैं। वे तीन



तलाक को वापस लाना चाहते हैं...क्या यह देश शरिया (इस्लामी कानून) से चलाया जा सकता है?'' उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, ''राहुल बाबा तुष्टिकरण के लिए जो करना है, कर लो। जब तक भाजपा है, कोई पर्सनल लॉ नहीं आएगा। यह देश यूसीसी और संविधान से चलेगा। यही हमारे संविधान की भावना है। हमने उत्तराखंड में यूसीसी लागू किया है।'' उन्होंने कहा, यह हमारा वादा और मोदीजी की गारंटी है कि यूसीसी को पूरे देश में लागू किया जाएगा।

## कांग्रेस ने कुम्भाणी को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित किया

**अहमदाबाद (भाषा)।** कांग्रेस की गुजरात इकाई ने सूरत लोकसभा सीट के प्रत्याशी रहे नीलेश कुम्भाणी को शुक्रवार को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। विसंगतियों के कारण कुम्भाणी का नामांकन पत्र खारिज हो जाने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुकेश दलाल को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। कांग्रेस ने



एक बयान में कहा कि पार्टी की अनुशासन समिति ने गहन चर्चा के बाद कुम्भाणी को निलंबित करने का फैसला किया है। यह भी बताया कि पार्टी इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि नामांकन पत्र उनकी घोर लापरवाही या '' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से उनकी मिलीभगत'' के कारण रद्द हुआ। बाबू पटेल की अध्यक्षता वाली कांग्रेस की अनुशासन समिति ने कहा, ' आपके प्रति निष्पक्ष रहते हुए हमने पूरा मामला समझाने के लिए आपको भरपूर समय दिया है, लेकिन पार्टी अनुशासन समिति के सामने आने के बजाय आप संपर्क से बाहर रहे। अधिकारियों द्वारा आपका फॉर्म खारिज किये जाने के बाद भाजपा ने अन्य आठ नामांकन पत्र भी वापस करवा लिए। इससे सूरत के लोग अपने मताधिकार से वंचित हो गए हैं।'' विज्ञप्ति में कहा, '' आपकी इस हरकत से सूरत की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं में रोष है और अलग-अलग तरीके से अपना गुस्सा प्रकट कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री डरे हुए हैं, मंच पर आंसू भी बहा सकते हैं : राहुल

**विजयपुरा (कर्नाटक) (भाषा)।** कांग्रेस की आलोचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ''वह (मोदी) डरे हुए हैं और मंच पर आंसू तक बहा सकते हैं।'' गांधी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक के विजयपुरा जिला मुख्यालय में एक जनसभा को संबोधित करते हुए



कहा, ''आपने प्रधानमंत्री के भाषण सुने हैं। वह डरे हुए हैं। हो सकता है कि वह मंच पर आंसू बहाने लगें।' प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हालिया रैलियों में कांग्रेस को 'मंगलसूत्र', 'संपदा पुनर्वितरण' और 'विरासत कर' जैसे आरोपों से घेरने का प्रयास किया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर अनेक तरीके से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''मोदी ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान की बात करते हैं, कभी वह आपसे थाली बजाने को कहेंगे और कभी आपके मोबाइल फोन पर टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे।'' गांधी ने कहा कि भारत में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई समेत चार महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने दावा किया कि केवल कांग्रेस ही बेरोजगारी समाप्त कर सकती है, महंगाई को काबू में कर सकती है और लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी दिला सकती है। गांधी ने कहा, ''मोदी ने केवल गरीब जनता का पैसा लूटा है।

## देश के भ्रष्टाचारियों को भाजपा ने गोदाम में रख लिया : अखिलेश

**एटा (उप्र) (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि भाजपा ने देश के सभी ''भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और माफिया'' को अपने गोदाम में रख लिया है। सपा प्रमुख ने एटा



लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए 'चुनावी बॉण्ड' का मुद्दा भी उठाया और दावा किया कि मौजूदा महंगाई की वजह इस चंदे के रूप में की गई वसूली है। यादव ने आरोप लगाया, ''भाजपा ने जो चंदा लिया वह चंदा नहीं है, बल्कि वह वसूली है...और भाजपा के लोग चुनावी बॉण्ड के बारे में बात नहीं करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''देश में जितने भी भ्रष्टाचारी, अपराधी, माफिया हैं, भाजपा ने उन्हें अपने गोदाम में रख लिया। उसने इतना बड़ा गोदाम बनाया कि हर दल के लोगों को इसमें जगह दे दी। बैंकों को लूटने और उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं।'' सपा प्रमुख ने राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार पर साजिश के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह ऐसा इसलिए करती है कि उसे युवाओं को नौकरी न देनी पड़े।

## मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रहे : वैष्णव

**राजकोट (भाषा)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं और देश के लोग भाग्यशाली हैं कि उन्हें ऐसा मेहनती तथा दूरदर्शी नेतृत्व मिला है। वैष्णव ने गुजरात के राजकोट शहर में एक जनसभा



को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कांग्रेस पर 1950 से 1990 के बीच का समय तथा 2004 से 2014 तक संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के शासनकाल के दस वर्षों समेत पांच दशक बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 1947 में जब देश को आजादी मिली तो वह उत्साह से लबालब था। वैष्णव ने राजकोट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, '' लेकिन, दुर्भाग्य से 1947 के बाद पहले चार दशकों में जो सरकारें आईं, उन्होंने भारत की मूल शक्तियों और उद्यमशीलता की भावना को खत्म कर दिया। वर्ष 1950 से 1990 के बीच के हमारे चार दशक बर्बाद हुए ।'' उन्होंने कहा, '' आज के युवा उद्यमियों को इस बात पर विश्वास नहीं होगा कि उन दिनों अगर आप अपनी कार के स्टीयरिंग का डिजाइन बदलना चाहते थे या अपनी फैक्टरी में उत्पादन बढ़ाना चाहते थे तो आपको दिल्ली में एक कांग्रेस नेता से संपर्क करना पड़ता था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25


कुरुक्षेत्र में
कल खुलने जा रहा है!
कल्याण ज्वेलर्स
KALYAN
कल्याण ज्वेलर्स
KALYAN JEWELLERS
FLAT 25% OFF
ON MAKING CHARGES
ON ALL PRODUCTS
KALYAN SPECIAL 1g GOLD RATE ₹6625**
SAVE ₹85 per g*
MARKET 1g GOLD RATE ₹6710**
LARGEST COLLECTION IN GOLD & DIAMOND JEWELLERY
SPACIOUS SHOWROOM
AMPLE CAR PARKING FACILITY
KURUKSHETRA - PLOT NO 1&2, SHARDANAND (KANDA) CHOWK, RED ROAD. PH: 98962 93133
ALSO AT: GURGAON - JMD EMPIRE SQUARE MALL,OPP. PILLAR NO. 71, NEAR SIKANDERPUR METRO STATION, M.G. ROAD. CRM NO. 99710 53233
GOLD SOUK MALL - SHOP NO.15, G-FLOOR, SECT-43, C-BLOCK, SUSHANT LOK-1. CRM NO. 73037 67833 | HISAR - PLOT NO.1, OPP. TOWN PARK, DELHI ROAD, KRISHNA NAGAR. CRM NO.: 88266 93133 | KARNAL - SHOP NO 9, DYAL SINGH COLONY, KUNJPURA ROAD. PH: 95991 53533 | PANIPAT - SHOP NO. G-30 & G-31 GROUND FLOOR,UNITY ONE MALL, TEHSIL CAMP, NATIONAL HIGHWAY 1. PH : 83078 13433 | FARIDABAD - 25 A, NEHRU GROUND, NIT. CRM NO.: 84484 20433 | ROHTAK - BUILDING NO - 887/22 JHANG COLONY, DELHI ROAD, OPP. ROHTAK CENTRAL CO-OPERATIVE BANK. CRM NO.:84455 43133
FOR MORE DETAILS CONTACT US ON TOLL FREE NUMBER: 1800 425 7333 | WWW.KALYANJEWELLERS.NET | FOLLOW US ON
BUY ONLINE @ WWW.CANDERE.COM | FOR FRANCHISE ENQUIRIES WRITE TO FRANCHISEE.ENQUIRY@KALYANJEWELLERS.NET
T&C Apply. Limited period offer. *Savings per gram may vary.
**22ct gold rate for 1g on 25/04/2024 at 02:00 p.m.